# कचहरी बनी छावनी, वकीलों ने घेरा एसपी कार्यालय

## शुएब हत्याकांड के खुलासे को अधिवक्ताओं ने दिया था 48 घंटे का अल्टीमेटम, प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से की वार्ता

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** शुएब हत्याकांड को लेकर सोमवार को वकीलों का 48 घंटे का अल्टीमेटम पूरा हो गया। सुबह से ही छावनी बनी कचहरी से वकील कामकाज ठप कर निकले लेकिन भारी संख्या में पुलिस पीएसी के आगे उनका प्रदर्शन उग्र नहीं हो सका। एसपी कार्यालय का घेराव व नारेबाजी के बाद वकीलों के प्रतिनिधिमंडल की भेंट एसपी से हुई, जहां शीघ्र खुलासे के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया।

जेलर हत्याकांड के आरोपी व मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य रहे शुएब किदवई उर्फ बॉबी हत्याकांड को लेकर अधिवक्ता संघ ने घटना के दिन ही एसपी से मिलकर 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया और खुलासा न होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। जिसकी मियाद सोमवार को पूरी हो गई। वकीलों के प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस महकमे ने भी कमर कस ली थी और बड़ी संख्या में पीएसी व पुलिस से कचेहरी की घेराबंदी कर दी। उधर कचहरी में अधिवक्ता संघ कार्यालय में वरिष्ठ अधिवक्ताओं की बैठक व कामकाज ठप रखने के ऐलान के बाद करीब एक बजे वकील बड़ी संख्या में हाईवे पर आ गए। वकील प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय पहुंच गए, यहां पर घेराव के बाद अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष जगतबहादुर सिंह, बृजेश दीक्षित आदि के प्रतिनिधमंडल ने एसपी से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने बताया कि पुलिस को खुलासे के लिए दो दिन का और समय दिया गया है। बताया कि पुलिस टीमें लगातार जुटी हुई हैं और परिवार से सहयोग की अपेक्षा की जा रही। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद वकील कचहरी वापस चले गए।


एसपी कार्यालय का घेराव करते प्रदर्शनकारी अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### बातचीत को तैयार नहीं हैं बॉबी के परिजन

गत शुक्रवार को वकील शुएब किदवई उर्फ बॉबी की गोलियों से छलनी कर हत्या के मामले में 48 घंटे बाद भी पुलिस को खास सफलता नहीं मिल सकी है। सीसीटीवी फुटेज, चालक से पूछतांछ, संदिग्धों से बात के बावजूद पुलिस किसी लीड से दूर है। बॉबी के परिजन भी बातचीत को तैयार नहीं हैं जिससे पुलिस कोई अन्य वजह भी खंगाल नहीं पा रही। बताते चलें कि बीते शुक्रवार की दोपहर के समय लखनऊ से कार से अकेले बाराबंकी आ रहे अधिवक्ता शुएब किदवई उर्फ बॉबी की हाइवे पर असैनी मोड़ के पास ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के खुलासे के लिए स्वाट समेत पांच टीमों को लगाया गया लेकिन पुलिस किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। घटना के खुलासे के लिए एसटीएफ भी जुटी हुई है। टीमों ने लगभग सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के साथ ही संदिग्धों से पूछताछ भी कर ली है लेकिन ऐसा कुछ हाथ नहीं लगा जिससे पुलिस खुलासे के करीब पहुंच सके। उसका सारा जोर अब मृतक बॉबी के परिजनों से बातचीत पर है, लेकिन परिजन बात करने को तैयार नही हैं। क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार ने बताया कि अभी जांच-पड़ताल जारी है। परिजनों से फिर बातचीत की कोशिश की जाएगी। टीमें खुलासे की दिशा में प्रयासरत हैं।

# लंबित फाइलों का जल्द हो निस्तारण

- **जिलाधिकारी ने नवाबगंज तहसील का किया निरीक्षण**

**बाराबंकी: अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को तहसील नवाबगंज के विभिन्न अभिलेखागारों और कार्यालयों का सघन निरीक्षण किया।

इस दौरान एडीएम निरंकार सिंह, एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी और तहसीलदार भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। डीएम ने लगभग एक घंटे से अधिक समय तक रिकॉर्ड की स्थिति, पत्रावलियों के रखरखाव और लंबित मामलों की समीक्षा की। निरीक्षण की शुरुआत आरके कार्यालय से करते हुए उन्होंने सेवा पुस्तिका, आवास आवंटन, गार्ड फाइल, जीपीएफ पासबुक और सर्विस बुक सहित अन्य अभिलेखों की जांच की और कर्मचारियों को रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने भूलेख, ऑनलाइन नामांतरण, मत्स्य पालन, आपदा से जुड़े अभिलेख, शत्रु संपत्ति नीलामी और रियल टाइम खतौनी समेत अन्य महत्वपूर्ण फाइलों की भी समीक्षा की। जहां अनावश्यक विलंब पाया गया, वहां शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए और जिम्मेदार कर्मियों से देरी के कारण पूछे। डीएम ने कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण कर दस्तावेजों के सुरक्षित संरक्षण और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद वे संग्रह कार्यालय पहुंचे और आरसी वसूली, जीएसटी, बिजली बिल व चरित्र पंजिका जैसी पत्रावलियों का अवलोकन किया। अंत में तहसीलदार न्यायिक कोर्ट और न्यायालय अभिलेखागार का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली में सुधार और सुव्यवस्थित अभिलेख रखरखाव के निर्देश दिए।


नवाबगंज तहसील में अभिलेख का निरीक्षण करते डीएम। ● अमृत विचार

## युवक व रिश्तेदार पर तमंचे की बट से हमला

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** मेला घूमने आए युवक और उसके रिश्तेदार पर दबंगों ने तमंचे की बट व ईंटों से हमला कर दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। लखनऊ के थाना बीकेटी क्षेत्र के ग्राम सैरपुर निवासी अमित कुमार के अनुसार वह 10 फरवरी को अपने मामा के लड़के बबलू के साथ सायपुर में लगे मेले में गया था। आरोप है कि दोपहर करीब एक बजे देसी गनौरा थाना जहांगीराबाद निवासी जीतू यादव अपने 10–11 साथियों के साथ वहां मौजूद था। बताया गया कि बातचीत के दौरान दबंगई दिखाते हुए विपक्षी गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपितों ने अमित और बबलू को अद्धा गुम्मा व तमंचे की बट से टना शुरू कर दिया। हमले में दोनों को सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, जिन्होंने बीच-बचाव कर किसी तरह दोनों की जान बचाई।

# हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास



**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** 19 साल पहले गोली मारकर हत्या के प्रकरण में न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 25-25 हजार रुपये अर्थदण्ड अदा करने का आदेश दिया है।

थाना देवा पर हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमे के अभियुक्त यदुनन्दन उर्फ जग्गू पुत्र शंकर निवासी नई बस्ती मजरे सालेहनगर, संतोष सिंह पुत्र रामायण सिंह निवासी विनोबा मजरे मलूकपुर थाना देवा व रमेश पाल पुत्र संतराम निवासी कंचनपुर मटियारी चौराहा थाना चिनहट लखनऊ को हत्या आदि धाराओं में न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-8 ने दोषसिद्ध करार दिया और तीनों को आजीवन कारावास की सजा व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इन सभी को गैंगस्टर एक्ट से दोषमुक्त किया गया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार 9 मई 2007 को थाना क्षेत्रान्तर्गत वादी छोटेलाल सिंह पुत्र दौलत सिंह निवासी जगदीशपुर थाना देवा द्वारा संगठित गिरोह बनाकर अवैध असलहे से उसके भाई की हत्या कर देने के सम्बन्ध में तहरीर दी गई, तहरीर के आधार पर थाना देवा पर हत्या व गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक निरीक्षक आशुतोष शर्मा द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

# जर्जर भवनों में संचालित हो रहा है ब्लॉक कार्यालय

**दीपराज सिंह, देवा, बाराबंकी:**

**अमृत विचार :** 88 ग्राम पंचायतों के कार्यों का केंद्र विकासखंड देवा इन दिनों खुद बदहाली और का शिकार है। करीब एक दशक से जर्जर और कंडम घोषित भवनों में ही सरकारी कामकाज संचालित हो रहा है, जहां अधिकारी-कर्मचारी जान जोखिम में डालकर बैठने को मजबूर हैं। ब्लॉक परिसर की दीवारों में दरारें, झड़ता प्लास्टर और कमजोर छतें कभी भी हादसे का कारण बन सकती हैं। बीडीओ कक्ष, लिपिक कक्ष, मनरेगा कार्यालय, अवर अभियंता कक्ष, तकनीकी सहायक व सचिवों के कमरे वर्षों पहले असुरक्षित घोषित किए जा चुके हैं। हाल ही में लोक निर्माण विभाग की टीम ने भवनों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ब्लॉक कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं।

इस संबंध में बीडीओ डॉ. नेहा शर्मा ने बताया कि करीब 10 वर्ष पूर्व ही ब्लॉक परिसर के भवनों को जर्जर व कंडम घोषित किया जा चुका है। पीडब्ल्यूडी टीम द्वारा हाल में पुनः मूल्यांकन कर रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। धनराशि प्राप्त होते ही जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण व नए भवन निर्माण की कार्रवाई शुरू कराई जाएगी।


जर्जर भवन। ● अमृत विचार

## होटल के पास मिला युवक का शव

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद कस्बा के एक मोहल्ला स्थित होटल के पास अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कोशिश की पर मृतक की पहचान नहीं की जा सकी। जिस पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक पेशे से श्रमिक बताया जा रहा।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला जेठौती राजपूतान चौराहा पर स्थित होटल से होकर सोमवार की सुबह ग्रामीण गुजरे तो युवक का शव पड़ा देख कर हैरान रह गए। खबर फैलते ही कुछ देर में वहां पर भीड़ जुट गई। लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक युवक की आयु करीब 35 वर्ष बताई जा रही लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने भीड़ से मृतक की पहचान की कोशिश की लेकिन सभी ने इनकार कर दिया।

# काली पट्टी बांध शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा व ऑक्टा के आवाहन पर पीजी कॉलेज रामनगर में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बी एन के बी कॉलेज, अंबेडकरनगर की प्राचार्य डॉ. सुचिता पांडे और अन्य शिक्षकों पर जिला प्रशासन द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के विरोध में किया गया।

शिक्षकों ने इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा कि यह पूरे शिक्षक समाज के सम्मान पर सीधा आघात है। महाविद्यालय परिवार ने एक स्वर में कहा कि शिक्षकों को अपराधी की तरह चिन्हित करना शिक्षा जगत की गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। शिक्षक संघ ने चेतावनी दी कि यदि एफआईआर शीघ्र वापस नहीं ली गई तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।


प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

साथ ही डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के कुलपति एवं मंडलायुक्त से मांग की गई कि प्राचार्य एवं शिक्षकों पर दर्ज एफआईआर तत्काल निरस्त की जाए, अन्यथा संगठन को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। विरोध प्रदर्शन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र, रामकृष्ण परमहंस पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नीरज वाजपेयी सहित प्रो. के.के. सिंह, प्रो. डॉ. सुनीत कुमार सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार वर्मा, डॉ. आज़ाद प्रताप सिंह, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. सुनीत जायसवाल, डॉ. शैलजा दीक्षित, डॉ. संजय तिवारी, अरविंद यादव, गरिमा श्रीवास्तव और आलोक राय समेत महाविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** | **कोऑपरेटिव सभागार में केंद्रीय बजट 2026-27 पर चौपाल का आयोजन**

# बजट सशक्त व समावेशी भारत का रोडमैप : गुप्ता

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** कोऑपरेटिव सभागार में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट 2026-27 पर विधानसभा चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता ने बजट को विकसित भारत @2047 के लक्ष्य की दिशा में दूरदर्शी और जनकल्याणकारी बताते हुए कहा कि यह आत्मनिर्भर, सशक्त और समावेशी भारत का रोडमैप है।

उन्होंने कहा कि बजट में ग्रामीण उत्थान को प्राथमिकता देते हुए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के माध्यम से खादी, हस्तकला, ओडीओपी, कौशल विकास और ब्रांडिंग को वैश्विक बाजार से जोड़कर रोजगार सृजन का प्रावधान किया गया है। टियर-2 और टियर-3 शहरों में आधुनिक अधोसंरचना, बेहतर परिवहन और हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर से निवेश व रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। एमएसएमई और स्टार्टअप्स के लिए सस्ती वित्तीय सहायता, ऋण गारंटी और डिजिटल प्लेटफॉर्म की व्यवस्था की गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास पर विशेष फोकस करते हुए एवीजीसी कंटेंट लैब्स तथा स्वास्थ्य पेशेवरों के विस्तार की बात कही गई। महिलाओं के लिए एसटीईएम शिक्षा, उद्यमिता और सुरक्षित आवास सुविधाओं को बढ़ावा देने का प्रावधान है। डॉ. रामकुमारी मौर्य ने किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग और व्यापारियों के हित में बजट को उपयोगी बताया। जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने इसे बुनियादी ढांचे, रोजगार, कृषि और उद्योग सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित बताया। पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सरकार की नीतियां गांव, गरीब और किसान को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अरविंद मौर्य, अजीत प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, गुरुशरण लोधी, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, सूरज सिंह, रामेश्वरी त्रिवेदी, नीता अवस्थी, अर्चना मिश्रा, विष्णु प्रभाकर वर्मा, सीपी गुप्ता, राजेंद्र जायसवाल, शिवस्वामी वर्मा, सत्यप्रकाश वर्मा, मनोज आदि थे।



संगोष्ठी को संबोधित करते क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता। ● अमृत विचार


राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## आबादी के अनुपात में मिले राजनीतिक नुमाइंदगी: राईन

**बाराबंकी : अमृत विचार :** गांधी भवन में ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ द्वारा जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हाजी नूरुल हसन ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा कि पसमांदा मुस्लिम समाज को उनकी आबादी के अनुपात में राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है, जबकि कुछ वर्गों को अपेक्षाकृत अधिक भागीदारी प्राप्त है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से पसमांदा बिरादरियों को समुचित नुमाइंदगी देने की मांग की। सम्मेलन में बताया गया कि महाज़ 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार कर चुका है। पसमांदा बहुल विधानसभा क्षेत्रों में टिकट और प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया वार रूम व प्रचार तंत्र तैयार करने की बात कही गई। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाओं आवास, राशन, आयुष्मान तथा किसानों के बिजली बिल माफी की सराहना की। राईन, कुरैशी, धोबी, फ़क़ीर, मनिहार, हलवाई समेत अन्य बिरादरियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की मांग उठाई गई। सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव वकार हवारी, जिला महामंत्री नूर मोहम्मद राईन, मंडी अध्यक्ष इकराम राईन, इरसाद मलिक, सादाब कुरैशी, गयादीन लोधी, निसार राईन, गुफरान राईन, इसराईल अंसारी सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## किसानों को कार्बन क्रेडिट से जोड़ने पर सम्मान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में वराहा द्वारा आयोजित शून्य अवार्ड फेलिसिटेशन सेरेमनी में पार्टनर कृषक उत्पादक संगठन प्रकुल एग्री फार्मर प्रोड्यूशर कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर पुष्पेंद्र मिश्रा को किसानों को कार्बन क्रेडिट से जोड़ने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। पुष्पेंद्र मिश्रा द्वारा किसानों को पर्यावरण संरक्षण आधारित कृषि पद्धतियों जैसे जैविक खेती और वृक्षारोपण से जोड़ते हुए कार्बन क्रेडिट प्रणाली की जानकारी दी जा रही है। समारोह में देशभर से जुड़े संगठनों और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।


सम्मानित होते डायरेक्टर पुष्पेंद्र मिश्रा।

## गणित दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित


प्रमाण पत्र देतीं ब्लॉक प्रमुख, डीआईओएस व अन्य। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वावधान में संचालित जिला विज्ञान क्लब द्वारा सिद्धौर के स्व. चंद्रमौलि वर्मा सभागार में श्रीनिवास रामानुजन की जयंती र पर राष्ट्रीय गणित दिवस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 15 विद्यालयों के 220 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद उपाध्याय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। जिला विज्ञान क्लब समन्वयक आशीष पाठक ने गणित को प्रकृति की भाषा बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार विजेता दिनेश कुमार वर्मा ने घनमूल के तरीके समझाए। श्रीकांत शर्मा ने रेखागणित को रोचक बनाने के उपाय बताए, जबकि एआरपी वीपी सिंह ने बीजगणित पर जानकारी दी। गणित मॉडल व टीएलएम, पोस्टर प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्रों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संचालन दिनेश कुमार वर्मा ने किया। इस मौके पर विशेश्वरी प्रताप सिंह, दिलीप कुमार वर्मा, अमिता रस्तोगी, आशीष कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि थे।

## महाशिवरात्रि पर निकाली भव्य शिव बारात


शोभायात्रा में सजी झांकी। ● अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर शिव बारात का आयोजन किया गया। शुभारंभ श्रीशक्तिधाम महादेव तालाब से हुआ। फूलों और रोशनी से सजे रथ पर भगवान शिव और माता पार्वती विराजमान थे। बाहर से आए सूरज सांवरे ग्रुप के कलाकारों द्वारा भगवान गणेश, कार्तिकेय, हनुमान जी आदि की मोहक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में राजीव नयन तिवारी, रामू तिवारी, तरूण राजन, सभासद प्रतिनिधि सौरभ वर्मा, शुभम जोशी, तेजस्विन तिवारी, सावित्री विश्वकर्मा, गणेश शंकर मिश्र, सरवन जोशी, अनूप गुप्ता, मोहित तिवारी ने व्यवस्था की देखरेख की। ठाकुर द्वारा भगवान शिव और पार्वती की आरती की गई। इसके बाद भंडारा आयोजित हुआ।

## दूधेश्वरनाथ मंदिर में शिव विवाह आयोजित


शिव-पार्वती विवाह की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रसूलपुर स्थित दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर देर रात भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पीलीभीत के रजत मस्ताना ग्रुप द्वारा प्रस्तुत राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, नरसिंह अवतार, हनुमान जी और दुर्गा जी की झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। फूलों की होली और शिव विवाह की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गायिका अंजलि मिश्रा और पंडित अनिल महाराज के भक्तिमय भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अरविंद सिंह, डॉ. राज विवेक वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र वर्मा, संतोष कुमार तिवारी, गणेश प्रसाद जायसवाल, उमेश शुक्ला, अमित जायसवाल, मदन शुक्ला, केदारनाथ पांडे, रोहित द्विवेदी और अक्षय जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारीज ने निकाली कलश शोभायात्रा



यात्रा को हरा झंडी दिखाते कोतवाली नगर प्रभारी व केन्द्र संचालिका।

**बाराबंकी : अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की संचालिका अनुराधा एवं प्रीति के नेतृत्व में विश्व एकता पर कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें 200 से अधिक ब्रह्माकुमारीज सदस्यों नेभाग लिया। यात्रा की शुरुआत दिव्य शक्ति भवन सेवा केंद्र से होकर मोहल्ला आजाद नगर, गुलरिया गार्दा, घंटाघर और सिटी चौकी होते हुए प्रसिद्ध श्री नागेश्वर नाथ मंदिर में सम्पन्न हुई। शुभारंभ अनुराधा, प्रीति तथा कोतवाली नगर प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने किया। यात्रा का उद्देश्य परमात्मा शिव का सत्य संदेश जन-जन तक पहुंचाना व व्यसनमुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

## चीफ जस्टिस ने अर्पित की श्रद्धांजलि


श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे चीफ जस्टिस राजीव कुमार सिंह।

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस राजीव कुमार सिंह पचघरा निवासी पंडित अखिलेश चंद्र शास्त्री की दिवंगत पत्नी सरोजनी मिश्रा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बाराबंकी जनपद के मुख्य न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नयन तिवारी, साई ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस के प्रबंधक विपिन सिंह राठौर, राजेश पाठक, राजन तिवारी, नीलमणि मिश्रा, रजत मिश्रा, विमलेश मिश्रा, तीरथ प्रताप मिश्रा, प्राचार्य वीरेंद्र कुमार वर्मा, गिरधर गोपाल गुप्ता आदि थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएसएन में हीरक जयंती समारोह 21 से

**हरदोई, अमृत विचार।** लखनऊ चुंगी स्थित सीएसएन पीजी कॉलेज अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण करने के क्रम में अपना हीरक जयंती समारोह 21 से 27 फरवरी तक आयोजित कर रहा है। समारोह का भव्य शुभारंभ 21 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी रहेंगी।

### रेलवे फाटक बंद रहने से लगा लंबा जाम

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के मंगलीपुरवा रेलवे फाटक पर सोमवार को मरम्मत कार्य ने लोगों की रफ्तार थाम दी। करीब 4 बजे से शुरू हुए काम के चलते फाटक लगभग दो घंटे तक बंद रहा, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। चूंकि इस कार्य की पूर्व सूचना सार्वजनिक नहीं की गई थी, इसलिए राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। लोग दोपहर से ही जाम में फंसे रहे और तेज धूप में इंतजार करते नजर आए।

### शिविर में दी विधिक सेवाओं की जानकारी

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण काव्या सिंह की अध्यक्षता में तहसील विधिक सेवा समिति सदर सचिव /तहसीलदार सचिंद्र कुमार शुक्ला की उपस्थिति में तहसील सदर में लघु विधिक सहायता एवं सेवा शिविर व प्री कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि काव्या सिंह ने 22 फरवरी को होने वाले मेगा/वृहद विधिक जागरूकता सेवा शिविर के आयोजन उसके प्रचार प्रसार व नालसा, सालसा तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं तथा नि:शुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी दी।

# प्रेम व भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार : डीएम

## पीस कमेटी की बैठक में बोले एसपी, त्योहारों पर माहौल खराब करने वालों पर रहेगी नजर

संवाददाता, हरदोई


पीस कमेटी की बैठक करते डीएम अनुनय झा व एसपी अशोक कुमार मीणा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी पवित्र रमजान, होली, नवरात्र पर्व एवं ईद के त्योहार को शान्ति एवं सौहर्दपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की मौजूदगी में सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक स्वामी विवेकानंद सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने धर्म गुरूओं एवं गणमान्य व्यक्तियों से कहा कि जनपद में गंगा-जमुनी तहजीब व कौमी एकता को ध्यान में रखते हुए सभी पर्व आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ मनायें। कहा कि इसके लिए धर्म गुरू अपने धर्म के नव युवकों को जागरूक करें कि त्यौहारों के अवसर पर अगर कोई अराजक व्यक्ति फेसबुक, वॉटशाप या अन्य माध्यम से किसी प्रकार की अफवाह फैलाकर आपसी भाईचारा एवं शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की जाये तो आक्रोशित न हो बल्कि इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन एवं पुलिस को तत्काल दें।

कहा कि सभी धार्मिक स्थलों पर उच्च न्यायालय के आदेशानुसार लाउड स्पीकर की आवाज मानक के अनुसार रखी जायेगी और होली पर्व कहीं भी तेज आवाज में डीजे नहीं बजाया जायेगा। इसका उल्लघंन करने वालों के विरूद्व सख्त कार्रवाई की जायेगी। समस्त नगर निकाय के ईओ को निर्देश दिये कि होली, ईद एवं नवरात्रि पर्व पर नगर निकायों के सभी वार्डो की सफाई व्यवस्था विशेष रूप से कराएं और पानी सप्लाई नियमित बनायें रखें। होली के अवसर पर साण्डी, शाहाबाद एवं मल्लावां आदि में निकलने वाले जुलूस एवं मेला आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित एसडीएम, सीओ एवं ईओ को निर्देश दिये कि जुलूस के मार्ग निर्धारित किये जाये और आयोजित होने वाले मेला में सभी व्यवस्थायें कराना सुनिश्चित तथा शान्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। कहा कि अगर कहीं होलिका दहन के स्थान पर किसी प्रकार का कब्जा है तो उसे तत्काल हटवायें। बैठक में एसपी ने धर्म गुरूओं से कहा कि त्यौहारों को शान्ति पूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद के सभी थानों के माध्यम से अराजक तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है और उन्हें चेतावनी भी दी जा रही है अगर त्यौहारों पर किसी प्रकार की अफवाह आदि फैलाने की कोशिश की गयी तो कार्रवाई की जायेगी।

# दवा लेने आए कार सवार का वाहन क्षतिग्रस्त कर दी धमकी

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** चार पहिया वाहन से दवा लेने आए व्यक्ति की कार को दबंगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। सूचना पाकर पीआरबी मौके पर पहुंची और कार चालक को कोतवाली लाई है। कार चालक ने कोतवाली में तहरीर दी है।

मझिला थाना के मझिला ग्राम निवासी गुरुवेल सिंह पुत्र कुलदीप सिंह के अनुसार वह अपने परिवार के साथ शाहाबाद के सिनेमा चौराहा स्थित प्रकाश नर्सिंग होम में दवा लेने अपनी कार से आया था। दवा लेकर वापस लौटते समय सड़क पर एक तरफ बुलेट बेतरतीब ढंग से खड़ी थी। दूसरी एक स्कूटी खड़ी थी। स्कूटी बचाने के कारण सड़क पर खड़ी बुलेट में उसकी कार टच हो गयी, जिससे बुलेट गिर जाने से उसमे कुछ निशान पड़ गए थे। तभी जीशान पुत्र रजी अपने पिता रजी और दो अन्य लोगों के साथ आ गए और उसे गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने ईंट से उसकी कार पर हमला कर दिया जिससे उसकी कार में काफ़ी नुकसान हुआ। विपक्षी ने परिवार सहित उसे जान से मार डालने की धमकी दी। उसका परिवार बहुत दहशत में था। पीआरबी को सूचना देकर कार और जान बचाने की गुहार लगाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बचाया और थाने लेकर आई। पीड़ित की लिखित तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

# नगर पंचायत में लगाया गया अग्निशमन अभ्यास कैम्प

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

- **नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संजय अग्रहरि व प्रतिनिधि रुपेश अंजाना ने सीखा अग्निशमन यंत्रों का उचित प्रयोग**

**अमृत विचार।** आपदाओं से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के द्वारा सुझाए गए बिन्दुओं के क्रम में सोमवार को सण्डीला अग्निशमन केन्द्र प्रभारी भंवर सिंह व अग्निशमन कर्मी सत्येन्द्र कुमार गौतम के द्वारा बेनीगंज नगर पंचायत में आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण अग्निशमन अभ्यास का आयोजन किया गया।

आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन प्रभारी भंवर सिंह के द्वारा आग पर काबू पाने के तरीकों को बारीकी के साथ समझाया गया और साथ ही जलते हुए गैस सिलेंडर को किस तरह बुझाया जाए उसका भी प्रैक्टिकल नगर पंचायत पदाधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी संजय कुमार अग्रहरि, अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश अंजाना, सभासद मोनू, टिटलू, अमित, विमल, सिकलिन टोला सभासद प्रतिनिधि श्रीनिवास गुप्ता व अन्य नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार सवार बदमाशों ने मजदूर से छीने 20 हजार

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** दिल्ली से मजदूरी करके घर आ रहे युवक से रास्ते में कार सवार बदमाशों ने 20 हजार रुपये छीन लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पाली थाना क्षेत्र के जमौरा गांव निवासी परिमल दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। 14 फरवरी की सुबह दिल्ली से घर आ रहा था, सांडी तिराहा पर बस से उतरकर खड़ा हुआ, तभी वहां पहुंचे कार सवार लोगों ने उसे घर पहुंचने की बात कहकर बैठा लिया और थाना क्षेत्र के जगदीशपुर मार्ग पर आदमपुर गांव के पास उसके 20 हजार रुपये ले लिए और बदमाश मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी बसंत राम ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सफाई कर्मियों ने जुलूस निकाल किया प्रदर्शन

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई


प्रदर्शन करते आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

- **तीन फर्में ब्लैकलिस्टेड किए जाने के बाद वेतन रोके जाने से रोष**

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को सुबह सफाई कर्मचारी नेता संजय वाल्मीकि के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क से जुलूस निकाला और नारेबाजी करते हुए नगर पालिका पहुंचे। यह जुलूस अंबेडकर पार्क से ब्लाक चौराहा, नवीन मंडी, अल्लाहपुर तिराहा, सरायं दरवाजा, खलील होते हुए नगर पालिका परिषद पहुंचा,जहां पर आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया और अधिशासी अधिकारी के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए।

अधिशासी अधिकारी द्वारा तीन फर्मे ब्लैकलिस्टेड किए जाने के बाद आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया। होली का त्यौहार नजदीक आ रहा है और सफाई कर्मचारियों का वेतन फंस गया है जिससे सफाई कर्मचारी भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। सफाई कर्मचारी नेता संजय वाल्मीकि ने बताया यह अनिश्चितकालीन हड़ताल है। जब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी बीच में पड़कर बात नहीं करता है तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल चलती रहेगी। उन्होंने बताया पालिका प्रशासन द्वारा हमेशा सफाई कर्मचारियों को गुमराह किया जाता है झूठे वादे किए जाते हैं उसके बाद पालिका प्रशासन फिर अपनी हठधर्मी पर आ जाता है।

### हड़ताल होने से गंदगी का साम्राज्य

आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल होने की वजह से नगर में गंदगी का साम्राज्य व्याप्त हो गया है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं। तिराहों और चौराहों पर भी गंदगी का नजारा देखने को मिल रहा है। कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं। छुट्टा जानवर कूड़े को सड़कों पर बिखेर कर गंदगी फैला रहे हैं। कूड़े के ढ़ेर से बदबू आने लगी है जिससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका है।

# डी फार्मा के छात्र का शव बरामद

संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई


उपकार राजपूत की फाइल फोटो।

- **पांच दिन पहले अचानक हो गया था लापता**
- **परिजनों ने एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया**

**अमृत विचार।** अरवल थाना क्षेत्र में पांच दिन से लापता डी फार्मा के छात्र का शव गंगा नदी में उतराता मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या कर शव को नदी में फेंकने की आशंका जताते हुए एक युवक पर आरोप लगाया है।

क्षेत्र के खद्दीपुर चैन सिंह मजरा बेडीजोर निवासी लगभग 26 वर्षीय उपकार राजपूत पुत्र अरविंद कुमार डी फार्मा द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसके भाई रामप्रकाश की बेड़ीजोर पुल पर टेंट की दुकान है। पांच दिन पूर्व 11 फरवरी को उपकार राजपूत बैंक में अपना खाता सही करने की बात कहकर घर से निकला था। देर शाम तक जब वह वापस घर नहीं आया तो परिजनों ने उसकी खोज शुरू की। कहीं पता न चलने पर 13 फरवरी को अरवल थाने पर गुमशुदगी की तहरीर थी। सोमवार को ग्रामीणों ने कुसुमखोर पुल के पास गंगा नदी में युवक का शव उतराता देखा तो पुलिस को सूचना दी। अरवल पुलिस ने शव को नदी से निकालकर शिनाख्त कराई तो शव की शिनाख्त उपकार राजपूत निवासी खद्दीपुर मजरा बेड़ीजोर के रूप में की गई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देखते ही कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि उपकार राजपूत फतेहगढ़ से डी फार्मा की पढ़ाई कर रहा था। वह द्वितीय वर्ष का छात्र था। परिजनों ने थाना क्षेत्र के ही दिव्वापूरवा मजरा मस्तापुर गांव निवासी एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएंगी।

# ड्यूटी से लौट कर घर पहुंची सफाईकर्मी ने की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई,


नेहा की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** पति की हादसे में मौत के बाद उसकी संविदा सफाईकर्मी पत्नी के साथ जेठ ने शादी कर ली। सोमवार की सुबह वह ड्यूटी के बाद घर लौटी और कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका बेटा घर पहुंचा तो मां का शव लटकता देख शोर मचाया। दंपति के बीच कुछ कहासुनी बताई जा रही है।

पिहानी कस्बे के मोहल्ला मीर सराय की नेहा (32) पत्नी सुशील नगर पालिका परिषद में संविदा पर सफाई कर्मी थी। सोमवार की सुबह वह ड्यूटी कर घर लौटी और अपने कमरे में साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। उसका 9 साल का बेटा ऋतिक वहां पहुंचा तो मां का शव लटका देख चिल्लाने लगा। जिसके बाद लोगों को जानकारी हुई। नेहा के दो बेटे और एक बेटी है। साल 2019 में उसके पति अनिल की सड़क हादसे में मौत हो चुकी थी। जिसके बाद जेठ सुशील से शादी कर ली। घटना के पीछे दंपति में आपसी विवाद बताया जा रहा है।

# ट्रक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, 5 घायल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई-शाहाबाद हाई-वे पर ककरघटा के निकट निर्माणाधीन टोल टैक्स के सामने दोपहर करीब 2 बजे सवारी लेकर जा रहे ई-रिक्शा में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा पर सवार पांच यात्री घायल हो गए।

घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। मियांपुर निवासी शिवकुमार पुत्र बालक अपने पुत्र प्रांशु और मोहित के साथ ई-रिक्शे से शाहाबाद आ रहा था। रास्ते में हूँसेपुर गांव निवासी उर्मिला पत्नी संजू अपनी पाली निवासी रिश्तेदार प्रतीक्षा के साथ उसी ई-रिक्शे पर शाहाबाद आने के लिए बैठ गयी। शाहाबाद से पहले निर्माणाधीन टोल टैक्स के सामने पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा सवार सभी घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया, जहां उर्मिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शेष घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### नीलगाय से टकराया ई-रिक्शा, कई घायल

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** हरदोई मार्ग पर ई-रिक्शा नीलगाय से टकरा गया, जिससे चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। जिसमें ड्राइवर की हालत गंभीर होते देख उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना क्षेत्र के हरदोई मार्ग पर मझिया गांव के पास सांडी से हरदोई सवारिया लेकर जा रहे ई रिक्शा सामने से निकल रही नीलगाय से टकरा गया जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया, जिसमें सवार चालकअरवल थाना क्षेत्र के खद्दीपुर चैन सिंह गांव निवासी राजन पुत्र राम बरन के अलावा कस्बे के औलादगंज मोहल्ला निवासी अख्तरी पत्नी नूर आलम फिरदोस पुत्री नसीम टडियावा थाना क्षेत्र के सिकरोहरी गांव निवासी राधे श्याम पुत्र अनंत राम सहित एक अज्ञात व्यक्ति घायल हो गए जिन्हें डायल 112 पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले आई जहां से चालक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।


बच्चों को पुरस्कार देते ब्लॉक प्रमुख रविप्रकाश। अमृत विचार

### हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव मनाया

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** निपुण भारत के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र में सोमवार को हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव मनाया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रवि प्रकाश ने मां सरस्वती के चित्र पर दीपप्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्री प्रकाश ने कार्यशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने 50 छात्र और छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बीईओ अनिल झा ने हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति लायेगा। कार्यक्रम में बीडीओ इंद्रसेन नाथ, सीडीपीओ, एसआरजी आशीष मिश्रा, एआरपी आशीष सिंह विवेक सिंह, सत्यम शर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ अनंतराम पांडे आदि मौजद रहे।

# जवाबी कीर्तन में शिव की भक्ति में झूमे भक्त

संवाददाता, अतरौली, हरदोई


भस्म श्रृंगार करते भक्त दीपू सिंह व कीर्तन प्रस्तुत करतीं क्रान्ति माला।

**अमृत विचार।** रविवार को जंगली शिव महादेव मंदिर अतरौली में रातभर कीर्तन के जवाबी मुकाबले में कानपुर के कीर्तनकार शम्भू हलचल और क्रान्तिमाला ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं जंगली शिव बाबा का भक्त दीपक सिंह दीपू ने विशेष भस्म श्रृंगार किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजेश अवस्थी, विशिष्ट अतिथि अजय कुमार सिंह आदित्य, शैलेश अग्निहोत्री, राजकुमार शुक्ला, धीरज सिंह चौहान, थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र, प्रदीप सिंह, प्रशांत त्रिपाठी ने पूजन करके दीप प्रज्वलित किया। दोनो कीर्तनकार के बीच टॉस हुआ। कीर्तनकार क्रान्तिमाला ने टॉस जीतकर कीर्तनकार शम्भू हलचल को कीर्तन की शुरूआत के लिए आमंत्रित किया। कीर्तनकार शम्भू हलचल ने गाया कि फूलों से होता शिव का श्रृंगार है, सर्पो व अक्षरों से होता मेरे शिव का श्रृंगार है। जवाब में कीर्तनकार क्रान्तिमाला ने सुनाया की सारे जग में शिव शंकर ही साकार है,साकार रूप में है फिर भी वह निराकार है। क्रान्तिमाला ने सवाल में गाया की ऊ नमः शिवाय की जयकार लगाई है,इसलिए भक्तों ने महाशिवरात्रि मनाई है। जवाब में शम्भू हलचल ने गाया की जय शिव शंकर भोले, जग में नाम महान है। इस नाम से ही तो पावन, सारे पर्वों का मान है। कीर्तनकारों ने प्रस्तुति से खूब वाहवाही लूटी। श्रोताओं ने सुबह तक कीर्तन का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन कवि पंकज दिनकर ने बीच-बीच में चुटकुले सुनाकर गुदगुदाया। निर्णायक कमेटी ने दोनो कलाकारों को बराबर का दर्जा देकर सम्मानित किया।

# मारपीट में गर्भस्थ शिशु की मौत पर तीन भाइयों को पांच-पांच साल की कड़ी कैद

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** संवाददाता एक महिला को लात घुसो से मारपीट कर उसे चोट पहुंचाई। इसके चलते उसके गर्भस्थ शिशु की मृत्यु हो गई। इस मामले में तीन सगे भाइयों को जुर्म साबित होने पर जिला व न्यायाधीश रीता कौशिक ने पांच-पांच साल की कड़ी कैद और छह छह हजार रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई गई है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना सुरसा क्षेत्र के बड़वा गांव निवासी फूलचंद, विमलेश ब जदुवीर उर्फ यदुवीर तीनों सगे भाई ने 13 दिसंबर 2018 को शाम छ बजे गांव की नीलम को लात घुसो से मारा पीटा ।जिससे उसके गंभीर चोटे आई और उसके गर्भस्थ शिशु की मृत्यु हो गई। इस मामले की रिपोर्ट घायल ने आरोपियों के खिलाफ कराई। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनकर तीनों आरोपियों पर जुर्म साबित पाया और उन्हें सजा सुनाई।

**उपलब्धि** | **मेडिकल कालेज में आर्थोपेडिक डा . अविक राय व उनकी टीम ने पाई सफलता**

# जिले में पहली बार हुई नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

संवाददाता, हरदोई


नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी करते डॉ . अविक राय व उनकी टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के मेडिकल कालेज में किया गया एक प्रयास आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होने जा रही है। वर्षों से घुटनों का दर्द लिए दूर-दूर के चक्कर लगा चुका ज़िंदगी से घबराने लगा था, नाउम्मीद हो चुके बुजुर्ग ने सोंचा भी नहीं था कि वह कभी अच्छा भी होगा, लेकिन मेडिकल कालेज के आर्थोपेडिक डा. अविक राय ने अपनी टीम के साथ कई घंटे की सर्जरी के बाद ज़िले का पहला नी-रिप्लेसमेंट (घुटना प्रत्यारोपण) कर उम्मीद और हौसले की बेहतरीन इबारत दर्ज की है।

दरअसल सुरसा थाने के सर्रा गांव के 68 साल के धर्मवीर पिछले कई सालों से घुटनों का बेचैन करने वाला दर्द लिए फिर रहे थे। जो पैसा था सब इलाज में खर्च हो गया,लेकिन एक पल का भी सुकून नहीं हासिल,जहां दिखाया,वहां आपरेशन में लाखो का खर्च बताया गया,चूंकि पहले से ही माली हालत सही नहीं थी,जो था भी वो इधर-उधर की दौड़-भाग निगल गई। उसके बाद कहीं से पता चला कि मेडिकल कालेज में हड्डी के अच्छे डाक्टर है,दर्द से तड़प रहा धर्मवीर सीधे वहीं पहुंचा और आर्थोपेडिक डा.अविक राय को अपना हाल बताया,डा.राय ने नाउम्मीद हो चुके धर्मवीर को पूरे हौसले से उम्मीदों के पंख दिए और उन्होने बुजुर्ग धर्मवीर को आयुष्मान भारत मिशन के तहत अपनी निगरानी में भर्ती कराया और टीम के साथ कई घंटे सर्जरी कर ज़िले में पहला नी-रिप्लेंसमेंट (घुटना प्रत्यारोपण) कर मेडिकल कालेज को मील का पत्थर साबित करने वाली बेहतरीन इबारत दर्ज की।

## चलो शहीद के द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ

**हरदोई, अमृत विचार।** सोमवार को हरदोई पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउण्डेशन के तत्वावधान में अमर बलिदानियों के घरों की पावन मिट्टी को नमन करने तथा शहीदों के परिजनों को आ रही तमाम समस्यायों जैसे शहीद द्वार, शहीद के नाम से सड़क का नामकरण तथा शहीद स्मारक का न होना आदि को जमीनी स्तर पर देखना। शहीदों की वीर नारियों की पीड़ा को सुनकर शासन को अवगत कराना। चलो शहीद के द्वार कार्यक्रम हेतु गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओम प्रकाश मिश्रा ने रवाना किया। संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार अगिनहोत्री ने बताया कि इस मुहिम का उद्देश्य शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर उनको आ रही समस्याओं को जानकर प्रदेश सरकार तथा जिला प्रशासन को अवगत कराना है।

# सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में हुआ दीपोत्सव

संवाददाता, भरखनी, हरदोई


दीप प्रज्ज्वलित करते एएसपी आलोक राज नारायण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बिवियापुर स्थित प्राचीन पांडवकालीन सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार शाम भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एडिशनल एसपी शाहाबाद आलोक राज नारायण कार्यक्रम में शामिल हुए और मंदिर परिसर में दीप जलाकर भगवान भोलेनाथ की आराधना की।

एएसपी ने भगवान शिव के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। दीपोत्सव के दौरान मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। दीपोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और सभी ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रोहिताश सिंह राणा, भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह, अजय सिंह चौहान, पूर्व प्रधान लल्ला सिंह, आकाश सिंह, सरोज सिंह, अनमोल दीक्षित, शिवेंद्र शुक्ला, सुधीर सिंह, धनंजय और रामू सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने दीप जलाकर कार्यक्रम में सहभागिता की।

**न्यूज ब्रीफ**

### विकास भवन में कल लगाई जाएगी चौपाल

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद के किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में यह बैठक विकास भवन सभागार में दोपहर एक बजे से शुरू होगी। इस मौके पर विभागों के अधिकारी रहेंगे जो किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही समाधान करेंगे।

### जिला स्तरीय कृषक मेला एवं गोष्ठी आज

**सीतापुर, अमृत विचार।** उद्यान विभाग द्वारा आज सुबह दस बजे से जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय परिसर स्वरूपनगर में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत कृषक मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वैज्ञानिक खेती, सिंचाई की नई तकनीक और खाद्य प्रसंस्करण पर मिलेगी जानकारी। जिसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक बागवानी और सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। जिला उद्यान अधिकारी राजश्री ने जनपद के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर लाभ उठाने की अपील की है।

### अभी से सूखने लगीं नलों की टोटियां

**तालगांव, सीतापुर।** परसेंडी के महसिंहपुर, भवानीपुर, मंसूरपुर, खजूरपुर और बन्नी शाहपुर के करुआकोला में जल जीवन मिशन की योजना हाशिये पर है। ग्रामीण विमलेश, कमल किशोर, दीपक, अमित, राजू, गुड्डू आदि का कहना है कि गांव में लंबे समय जल जीवन मिशन शक्ति योजना बाधित है। एक माह के बाद मौसम जब गर्म होगा तो हालात इससे और अधिक खराब हो जाएंगे।

# जमीन न बेचें किसान, रहें एकजुट: राकेश टिकैत

## किसान हुंकार महापंचायत में सम्मलित हुए किसान नेता

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सीतापुर में आयोजित किसान हुंकार महापंचायत में केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब तक किसान एकजुट नहीं होंगे, तब तक शासन-प्रशासन उनकी आवाज नहीं सुनेगा। टिकैत ने वर्तमान सरकार को किसानों के प्रति बेहद असंवेदनशील करार दिया।

राकेश टिकैत ने भारत-अमेरिका अंतरराष्ट्रीय कृषि व्यापार समझौते पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर विदेशों से बिना उचित इंपोर्ट ड्यूटी के कृषि उत्पाद मंगाए गए, तो देश का किसान बर्बाद हो जाएगा। पहले खाद्यान्न पर तीन सौ फीसदी तक ड्यूटी लगती थी, जो किसानों का सुरक्षा कवच थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ऐसी नीतियां ला रही है जिससे छोटे दुकानदार और व्यापारी खत्म हो जाएंगे और किसान अपनी जमीन बेचने को मजबूर होगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चौहान, लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष अरुण शुक्ला सहित अन्य भाकियू पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

**किसान को एकजुट होने का दिलाया संकल्प:** किसान नेता टिकैत ने किसानों को कृषि मुद्दों पर एक जुट होकर संघर्ष करने का संकल्प कराया। किसान नेता ने नसीहत देते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए जमीन पर लगातार सक्रिय रहना होगा। वहीं, एप्सटीम फाइल मामले पर उन्होंने निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की।


किसान हुंकार महापंचायत में शामिल होने जाते राकेश टिकैत। अमृत विचार


एसडीएम लहरपुर को ज्ञापन सौंपते किसान संगठन के सदस्य। अमृत विचार

### भूमिहीन किसानों के हक के लिए उठी आवाज

**लहरपुर, सीतापुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने क्षेत्र की समस्याओं और किसानों के हितों को लेकर हुंकार भरी। युवा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और भारी संख्या में महिलाओं ने लहरपुर गेट से तहसील परिसर तक पैदल मार्च निकाला और नारेबाजी की। संगठन ने उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित दिया। जिसमें मांग की गई कि भारत- अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते से कृषि और दुग्ध उत्पादों को बाहर रखा जाए, ताकि स्थानीय किसानों के हितों की रक्षा हो सके। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में रूढ़ा भवनाथपुर, खानपुर सादात और गोरिया प्रहलादपुर जैसे गांवों की गरीब व भूमिहीन महिलाओं को बंजर एवं अनुपयोगी भूमि का कृषि व आवासीय पट्टा देने की मांग की गई। इस दौरान राजकुमार वर्मा, राजेंद्र कुमार और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं।

## मजदूर को भट्ठे में झोंकने का आरोप

**हरगांव, सीतापुर।** हरगांव इलाके में एक भट्ठा मालिक पर मजदूर को भट्ठे में झोंकने का आरोप है। इलाका पुलिस मामले में जांच किये जाने की बात कह रही है। कोतवाली देहात के सैदापुर निवासी मजदूर किशोरी के मुताबिक, वो दस वर्षों से एक ईंट भट्ठे पर कार्यरत था। कहा कि ईंटों का ढेर गिरने किशोरी घायल हो गया। मजदूर का दावा है कि इलाज के लिए पहले भट्ठा मालिक ने आश्वासन दिया। लेकिन पैसा न मिलने से स्थिति और भी बिगड़ती चली गई। आरोप है कि पैसा मांगने पर भट्ठे पर झोंकने की बात कही। थाना प्रभारी हरगांव बलवंत शाही ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जाएगी।

# परिक्रमा की सुरक्षा हुई चाक-चौबंद ड्रोन व सीसीटीवी से होगी निगरानी

**मिश्रिख, सीतापुर**


परिक्रमा को लेकर बैठक करते पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी प्रसिद्ध होली मेला परिक्रमा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। सोमवार को स्व. यशोदा कन्या पीजी कॉलेज में आयोजित ब्रीफिंग में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूरे मेला क्षेत्र, घाटों और भीड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के जरिए पैनी नजर रखी जाएगी। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए एकीकृत नियंत्रण कक्ष, खोया-पाया केंद्र और सुगम दर्शन हेतु डिजिटल साइन बोर्ड लगाए गए हैं। घाटों पर सुरक्षा बैरिकेडिंग के साथ-साथ वाहनों के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। एसपी ने अधिकारियों को भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार, एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह, एसडीएम सदर अभिनव कुमार सहित कई सीओ मौजूद रहे।

## मिलेगा छत्रपति शिवाजी महाराज कर्मयोगी सम्मान

**बिसवां, सीतापुर।** जनपद की तीन प्रमुख हस्तियों को छत्रपति शिवाजी महाराज कर्मयोगी सम्मान से नवाजे जाने की घोषणा हुई है, जिससे जिले में हर्ष का माहौल है। यह प्रतिष्ठित सम्मान आगामी बीस फरवरी को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य 'मृदु', गौ सेवा और आरएसएस के पूर्व क्षेत्र कार्यवाह रामकुमार वर्मा मरणोपरांतशिवाजी महाराज की 396वीं जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी व नीरज सिंह मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. जयप्रकाश सैनी करेंगे और मुख्य वक्ता संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज जी होंगे। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा, विधायक निर्मल वर्मा, एमएलसी पवन सिंह चौहान आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विजेताओं को बधाई दी है।



जनसंवाद करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### मनरेगा ग्रामीण रोजगार की कुंजी, सरकार कर रही हनन

**सीतापुर, अमृत विचार।** मनरेगा बचाओ यात्रा' के दूसरे दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हरगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर जनता से संवाद किया। सेमरी, नवाबपुरवा, बेनियापुर और विशुनपुर सहित दर्जनों गांवों में पहुंची। यात्रा के दौरान वक्ताओं ने पंचायती राज और मनरेगा के महत्व पर जोर दिया। यात्रा के संयोजक व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण रोजगार की कुंजी है। राजीव गांधी पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राधेश्याम कनौजिया ने कहा कि गांव का भविष्य पंचायती राज में ही सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि अफसरों और दलालों ने ग्रामीणों से विकास की चाबी छीन ली है, जिसे यह यात्रा वापस दिलाने का काम करेगी। विधानसभा प्रभारी विष्णु गौतम ने कहा कि संविधान की जगह लूट का राज चल रहा है। वहीं, सुनीता रावत ने संविधान बचाने की लड़ाई को तेज करने का आह्वान किया। यात्रा में मुख्य रूप से सभासद रिजवान, विपेंद्र भारती, सचिन कुमार, प्रहलाद और कन्हैयालाल कश्यप आदि मौजूद रहे।


भगवान शिव और माता पार्वती की आरती उतारते विधायक निर्मल वर्मा। अमृत विचार

### शिव-पार्वती की आकर्षक झांकियों ने मोह लिया मन

**बिसवां, सीतापुर।** सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल में शिवरात्रि पर भगवान शिव व माता पार्वती के दिव्य स्वरूपों की अनुपम झांकियां सजाई गईं। शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक निर्मल वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि महादेव अत्यंत सहज हैं। बस मन में अच्छे संकल्प होने की जरूरत है। विद्यालय के प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा 'बबुआ' ने बताया आयोजन 36 वर्षों से हो रहा है। उल्लेख किया झांकियों में मुस्लिम बच्चों की सहभागिता एक 'दिव्य भारत' के दर्शन कराती है। विद्यालय में जहां एक ओर शिव झांकियां सजती हैं, वहीं रोजा इफ्तार का भी आयोजन होता है, जिसमें हिंदू शिक्षक व्यवस्था संभालते हैं। यह सर्वधर्म समभाव की एक अनूठी मिसाल है। समारोह में मां काली, अमरनाथ गुफा, शिव विवाह व शिव परिवार की झांकियों को अतिथियों ने खूब सराहा। इस अवसर पर सहप्रबंधक आनंद कुमार खत्री, प्रधानाचार्य विवेक सिन्हा, उप-प्रधानाचार्य शीबा खान, रामकुमार कश्यप, अजरा खान, शैलेंद्र बाजपेयी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और भारी संख्या में अभिभावक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में एक की मौत, दो घायल

**बेलगाम रफ्तार**

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार।** जनपद में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं, वहीं एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। पहली घटना बिसवां-लहरपुर मार्ग की है, जहां ऑटो और बाइक की भिड़ंत में एक व्यक्ति की जान चली गई। दूसरी घटना सिधौली में हुई, यहां तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार छात्रा को रौंद दिया।

बाराबंकी निवासी गंगाराम (45) अपनी पत्नी रामकली के साथ लहरपुर में एक विवाह समारोह में शामिल होकर रविवार सुबह घर लौट रहे थे। तभी बिसवां - लहरपुर मार्ग पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ऑटो से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गंगाराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार ऑटो चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक अपने पीछे एक बेटा और रोता-बिलखता परिवार छोड़ गया है। उधर, दूसरी घटना सिधौली के अलादादपुर मोड़ के पास सोमवार सुबह एक और हादसा हुआ। धौरहरा निवासी संतोष कुमार की पुत्री मंजू यादव (16) साइकिल से स्कूल जा रही थी, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। चश्मदीदों के मुताबिक, छात्रा उछलकर कार के बोनट पर जा गिरी। स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और घायल छात्रा को सीएचसी सिधौली पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।


घटनास्थल पर एकत्रित लोगों की भीड़। अमृत विचार

### 108 मरीजों की जांची आंखों की सेहत


नेत्र शिविर में परीक्षण कराता बुजुर्ग। अमृत विचार

**मछरेहटा, सीतापुर।** विकास खंड क्षेत्र के बीरमपुर गांव स्थित आरजेजे एजुकेशन प्वाइंट में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 108 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जांच के बाद 42 मरीजों को ऑपरेशन के लिए सीतापुर स्थित नेत्र चिकित्सालय रेफर किया गया। शिविर में डॉ. शैलजा, डॉ. पूजा, शहनवाज अहमद, रोहित श्रीवास्तव, तुषार सिंह, माधव दीक्षित, शहनवाज हुसैन, मानसी सिंह, शिवाकी सिंह व मुकेश यादव ने अपनी टीम के साथ मरीजों का परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श दिया। विद्यालय प्रबंधक कुलदीप जायसवाल व प्रधानाचार्या पूनम जायसवाल ने चिकित्सकों व अस्पताल प्रबंधन का आभार जताया। इस दौरान संस्थापक जगदीश जायसवाल, उपप्रधानाचार्या अरुणिमा श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### खेत-खलिहानों में हाईटेंशन तार लगाने से रोष


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सुल्तानापुर शाहपुर में प्राइवेट कंपनी द्वारा लगाए जा रहे टावर को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। इसको लेकर आजाद समाज पार्टी कांशीराम के जिलाध्यक्ष विश्वदीप चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी आकांक्षा गौतम को ज्ञापन सौंपा। बताया कि ग्राम में 11000 केवी विद्युत लाइन ग्रामीणों के खेत बाग व घरों के पास से निकली जा रही है। ऐसे में हादसों की संभावनाएं अधिक हैं। कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे लोग मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान जिला प्रभारी सैय्यद सुहेल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जग्गन अंसारी, शिवम वर्मा, तौफीक अंसारी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ललिता देवी मंदिर में छुट्टा मवेशियों से परेशानी

**नैमिषारण्य, सीतापुर।** सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां ललिता देवी मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं के लिए आस्था के साथ- साथ भय का केंद्र बन गया है। मंदिर परिसर में बेखौफ घूम रहे छुट्टा मवेशी के कारण दर्शनार्थियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आरती और त्योहारों के समय, जब भारी भीड़ होती है, तब ये जानवर और भी हिंसक हो जाते हैं। सकरी गलियों में इनके जमावड़े से अक्सर भगदड़ जैसी स्थिति बन जाती है, जिसमें बुजुर्गों और बच्चों के दबने और चोट लगने का खतरा बना रहता है। अमन, लाला, रवि, छोटू, गुड्डू आदि ने बताया कि हैरानी की बात यह है कि बार-बार की शिकायतों के बावजूद मंदिर प्रशासन और स्थानीय नगर निगम से हस्तक्षेप की मांग की है।

### साढ़ू को फंसाने की रची थी साजिश

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर।** थाना क्षेत्र में 40 हजार रुपये की लूट की सूचना झूठी और मनगढंत निकली। पुलिस पूछताछ में युवक ने कबूल किया कि उसने आपसी विवाद के चलते साढ़ू को फंसाने के लिए साजिश रची थी। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के सर्वांगपुर गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आए रामकोट थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार निवासी विनोद ने डायल 112 पर सूचना दी कि हेमपुर ओवरब्रिज के पास उसके साढ़ू ने असलहा दिखाकर 40 हजार रुपये लूट लिए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक नशे में मिला।

### 25 पेड़ों पर चोरों ने चलाया आरा, केस दर्ज

**हरगांव, सीतापुर।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजेपुर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। मेवारामनगर पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले इस गांव में चोरों ने प्रतिबंधित प्रजाति समेत कुल 25 पेड़ों को काटकर गायब कर दिया। राजेपुर निवासी किसान मनोज कुमार मिश्र के खेत में यूकेलिप्टिस, नीम, शीशम और गूलर के करीब 25 पेड़ लगे थे। आरोप है कि 15 फरवरी, रविवार को चोरों ने इन सभी पेड़ों को काट लिया और चोरी कर ले गए। पीड़ित किसान ने हिलालपुर जरथुवा निवासी धीरू यादव पुत्र शत्रोहन और गंगाराम पासी पुत्र लक्ष्मन प्रसाद के खिलाफ हरगांव थाने में नामजद तहरीर दी है।


घर में रोके गए पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित। अमृत विचार

### विधान भवन के घेराव को लेकर मचा हड़कंप

**सीतापुर, अमृत विचार।** कांग्रेसियों द्वारा विधान सभा घेराव की खबर मिलते ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पुलिस अलर्ट मोड में रही। दिन भर कांग्रेसियों की तलाश के साथ उन्हें अरेस्ट करने किया जाता रहा। सायंकाल पूर्व जिलाध्यक्ष और पुलिस के बीच नोक-झोंक की खबर है। बता दें कांग्रेस ने मनरेगा के बदलाव और एसआईआर को लेकर घेराव का निर्णय लिया था। प्रदेश आह्वान के बाद जिले की कार्यकारिणी भी सक्रिय हो गई। जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा ने बताया कि वो किसी तरह लखनऊ पहुंच गई हैं। बड़ी संख्या में साथियों के हाउस अरेस्ट होने की खबर है। उधर, पुलिस महकमे ने किसी के भी हाउस अरेस्ट होने की सूचना से इंकार किया है, बताया गया है कि पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को रोका गया है। उधर, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित और पुलिस के बीच नोकझोंक होने की खबर है। देर शाम तक शहर अध्यक्ष शिशिर बाजपेई, संजय सनी, शोभित सहित अन्य के रोके जाने की खबर है।

## पांच उप निरीक्षकों के बदले कार्य क्षेत्र

**सीतापुर, अमृत विचार।** पुलिस प्रशासन ने 5 उप-निरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। जिसमें भारत सिंह को महमूदाबाद से थाना मानपुर का वरिष्ठ उप-निरीक्षक बनाया गया है। आशीष तिवारी को पुलिस लाइन्स से हटाकर थाना रामकोट में वरिष्ठ उप-निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। ऋषभ यादव को थाना लहरपुर से हटाकर थाना हरगांव के कस्बा चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। सुधाकर सिंह अब बिसवां थाने के अंतर्गत चौकी मंशा राम के बजाय कस्बा चौकी के प्रभारी होंगे, वहीं पूजा देवी को एंटी रोमियो स्क्वाड से स्थानांतरित कर थाना कोतवाली नगर की तामसेनगंज चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

# चार दुकानों के चटकाए ताले, ले गए डीवीआर

**संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार:** थानगांव के मुख्य चौराहे पर देर रात बेखौफ चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। शातिरों ने एक ही रात में दो शराब की दुकान, एक जनसेवा केंद्र और एक किराने के खोखे को निशाना बनाकर लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज का सहारा लेकर मामले में जांच पड़ताल कर रही है। चोरों ने पूरी योजना के साथ घटना को अंजाम दिया। पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने सबसे पहले शराब की दुकानों और सीएससी सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों की वायरिंग काट दी और अपने साथ डीवीआर मशीन भी उठा ले गए। इसके बाद शटर और ताले तोड़कर दुकानों के अंदर रखी शराब की महंगी बोतलें, पेटियां और नकदी समेट ली। सोमवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने दुकानों के टूटे ताले देखे तो पीड़ित दुकानदार महराजदीन यादव, कपिल, पंकज और सतेंद्र को सूचना दी। मौके पर पहुंची थानगांव पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष थानगांव ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए फोरेंसिक टीम की मदद ली जा रही है। क्षेत्र में लगे अन्य कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## अधिवक्ता की हत्या पर आक्रोश

**बिसवां, सीतापुर।** जनपद रामपुर में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से बिसवां के अधिवक्ताओं में भारी रोष है। शुक्रवार को बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद कुमार मेहरोत्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। संघ ने पीड़ित परिवार के लिए एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की और पचास लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इस दौरान दिनेश श्रीवास्तव, रजनीश मिश्रा, राजकिशोर मिश्रा, सुशील शुक्ला, मोहम्मद शोएब, अनिल अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## प्रतिबंधित लकड़ी से लदा ट्राला जब्त, केस दर्ज

**लहरपुर, सीतापुर।** क्षेत्र में अवैध कटान के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ने रविवार देर रात ग्राम किशनपुर में प्रतिबंधित पीपल की लकड़ी से भरा एक ट्राला पकड़कर बड़ी कार्रवाई की है। तहसीलदार मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में देर रात जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान किशनपुर गांव के पास सड़क किनारे एक संदिग्ध ट्राला खड़ा मिला। जांच करने पर उसमें भारी मात्रा में प्रतिबंधित पीपल की लकड़ी लदी पाई गई। मौके पर किसी व्यक्ति के न मिलने पर तहसीलदार ने तत्काल पुलिस और वन विभाग को सूचित कर ट्राला उनके सुपुर्द कर दिया। वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही बीट अधिकारी राम बख्श सिंह और वन विभाग की टीम ने लकड़ी लदे ट्राले को कब्जे में लेकर वन कार्यालय पहुंचाया। जहां लगभग सौ कुंतल प्रतिबंधित पीपल की गोल लकड़ी बरामद की गई और अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर कारवाई की गई है।

## अतिक्रमण की जांच करने पहुंचीं नायब तहसीलदार

**कमलापुर, सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के निर्देश पर नायब तहसीलदार सिधौली, शशि बाला ने कमलापुर कस्बे का स्थलीय निरीक्षण किया। यह कार्रवाई स्टेशन रोड के दोनों ओर व्याप्त अवैध अतिक्रमण की शिकायतों के निस्तारण के क्रम में की गई। दरअसल मामला विकास खंड कसमंडा की ग्राम पंचायत महोली मजरा पट्टी निवासी ऋषि मिश्रा और अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर स्टेशन रोड से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की थी। ग्रामीणों का आरोप है कि अतिक्रमण के कारण आवागमन में काफी असुविधा हो रही है। सोमवार को नायब तहसीलदार शशि बाला राजस्व और पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रार्थना पत्र की स्थलीय जांच की गई है। मौके की स्थिति देख ली गई है और जल्द ही आख्या जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी।

# निर्माण के बाद टूटी पुलिया, टला हादसा

**औरंगाबाद/नैमिषारण्य, सीतापुर**

**अमृत विचार।** तीर्थ क्षेत्र में विकास कार्यों के दावों की पोल खुल गई है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि चक्रतीर्थ के पीछे भैरमपुर मार्ग पर लाखों की लागत से बनी पुलिया निर्माण के महज चार दिन बाद ही क्षतिग्रस्त हो गई। नीलकंठ आश्रम जाने वाले इसी मुख्य मार्ग पर घटिया निर्माण के चलते एक बोलेरो गाड़ी पुलिया में जा गिरी, जिससे सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नाम न छापने की शर्त पर ग्रामीणों बताया कि ठेकेदार और संबंधित जेई ने अपनी जेबें गरम करने के चक्कर में मानक दरकिनार कर दिए। पुलिया बनाने में सीमेंट के बजाय 'पेवर बालू' का अधिक प्रयोग किया गया है, जिसके कारण पहली ही बारिश या हल्के दबाव में निर्माण भरभरा कर ढह गया। यह मार्ग बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हजारों स्कूली बच्चों और लाखों ग्रामीणों के आवागमन का मुख्य जरिया है। नैमिषारण्य को लखनऊ, अतरौली, संडीला, कोथवां, ततरोई व गयावर जैसे शहरों व गांवों से जोड़ता है। इसी मार्ग पर नीलकंठ आश्रम भी स्थित है। क्षेत्रीय निवासी राहुल, आकाश, अमन, रमाकांत आदि का कहना है कि सरकार ने करोड़ों रुपए स्वीकृत किए हैं, लेकिन धरातल पर लापरवाही बरती जा रही है।


भैरमपुर मार्ग स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**बछरावां :** थाना क्षेत्र की थुलेंडी चौकी अंतर्गत हसनपुर गांव निवासी ज्ञानेंद्र चौधरी पुत्र अखिलेश कुमार (28) ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे के अंदर छत में लगे हुक से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के पश्चात आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थुलेंडी चौकी इंचार्ज राहुल सिंह चौहान ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस आगे की जांच में जुट गई है।

### शटर तोड़कर नकदी व सामान चुराया

**बछरावां :** बीती रविवार व सोमवार की रात चोरों ने कस्बे की कसरावा मोड पर स्थित एक कंपनी के गोदाम के शटर का ताला तोड़कर लाखों रुपये की नगदी व सामान पार कर दिया। कंपनी के कर्मचारी अरविंद कुमार ने बताया कि गोदाम के अंदर रखा एक लाख 82 हजार 210 रुपये नगद एवं सीसीटीवी कैमरे का लगा डीबीआर व कुछ अन्य जरूरी सामान चोरी हुआ है। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी है। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। जांच की जा रही है, जल्द ही चोरों को पकड़ा जाएगा।

### डंपर की टक्कर से महिला की मौत

**राही :** ससुराल से मायका आ रही महिला की डंपर की टक्कर से मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार को मिल एरिया थाना क्षेत्र के रसेहता गांव निवासी सबीना बानों अपने पति वाजिद अली और अपने छोटे बच्चे के साथ बाइक पर सवार होकर भदोखर थाना क्षेत्र के अपने मायका बेलागुशीशी आ रही थी। मुंशीगंज कस्बे में पहुंचते ही सामने से आ रहे डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार सबीना की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### ई-रिक्शा से टकराकर दो युवक घायल

**महराजगंज :** क्षेत्र के कुबना मोड़ के पास महराजगंज की तरह आ रहे ई-रिक्शा में पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। इसमें दोनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे की है। एक ही मोटरसाइकिल से हलोर की तरफ से दरियागंज निवासी नन्हे पुत्र रामहेत और आशीष पुत्र छोटेलाल आ रहे थे। कुबना गांव के मोड़ के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सामने से जा रहे ई रिक्शा में टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार सड़क किनारे खंती में जा गिरे। दोनों घायलों को आसपास के लोगों ने सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### श्री रामचरितमानस पाठ आयोजित

**शिवगढ़ :** शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती स्थित मध्य रामेश्वरम मन्दिर में महाशिवरात्रि पर संगीतमय श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पाठ का शुभारम्भ हुआ। आयोजन शिक्षा विभाग में वरिष्ठ लिपिक पद पर तैनात अरुण त्रिवेदी व इण्टर कॉलेज के प्रवक्ता आशीष त्रिवेदी के संयोजन में सम्पन्न हुआ। यहां अंजनी कुमार त्रिवेदी, श्रवण कुमार त्रिवेदी, भीम शंकर त्रिवेदी, हरिशंकर त्रिवेदी, जगदम्बा प्रसाद बाजपेई, लक्ष्मीकांत बाजपेई, हर्षित बाजपेई, अभिनय त्रिवेदी, दीपांशु बाजपेयी, राजेंद्र कुमार राज रहे।

# प्रेमिका के उकसाने पर प्रेमी ने खुद को लगाई आग, गम्भीर

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** प्रेमिका के उकसाने पर प्रेमी ने वीडियो बनाने के बाद गले में फंदा लगा दिया। प्रेमी फंदे से मरने मे नाकाम रहा तो उसने खुद पर डीजल छिड़क आग लगा ली। गंभीर तौर पर झुलसा युवक अब अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

बछरावां थाना क्षेत्र के राजामऊ गांव निवासी प्रमोद का रिश्ते की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने फाँसी लगाने से पहले बनाये गए वीडियो में बताया कि उसकी प्रेमिका एक महीने के गर्भ से भी है जिसके नाम पर उससे पैसे लिए गए हैं। युवक अपनी प्रेमिका को सम्बोधित करते हुए वीडियो में यह भी कह रहा है कि एक छोटी सी गलती के चलते मुझे छोड़ दिया और कह रही हो कि फाँसी लगा लूँ। उसने इतने कह कर वीडिओ बंद किया और फांसी लगाए हुए फोटो खींच ली। प्रमोद ने जिला अस्पताल इलाज के दौरान बताया कि फाँसी से मौत न होने पर उसने खुद पर डीज़ल डाल कर आग लगा ली।

वहीं जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. संतोष पांडेय ने बताया कि इलाज किया जा रहा है। उसकी स्थिति चिंताजनक है। वहीं पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पटाखा व्यवसाई यूनुस पर गम्भीर आरोप, एफआईआर दर्ज

सलोन (रायबरेली)

● साहबगंज बाजार में अवैध बारूद भंडारण का मामला

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के साहबगंज बाजार स्थित एक मकान में अवैध रूप से रखे बारूद से शुक्रवार की रात विस्फोट की घटना को पुलिस-प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में उच्चाधियारियो के निर्देश पर करहिया चौकी इंचार्ज मोहित ने सलोन थाने में विस्फोट में जख्मी मुहम्मद यूनुस के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके साथ ही पुलिस ने मामले की तफ्तीश तेज कर दी है।

विदित हो कि 13/14 फरवरी की देर रात लगभग दो बजे पटाखा व्यवसाई मुहम्मद यूनुस के घर पर अवैध बारूद भंडारण के चलते संदिग्ध परिस्थितियों में विस्फोट हो गया था। घटना में पटाखा व्यवसाई की पत्नी अखतरुंन की जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। वहीं व्यवसाई के पुत्र मुहम्मद फिरोज, बहु रूबी बानो और नाती मुहम्मद लकी घायल हो गया था। चौकी इंचार्ज ने एफआईआर में जिक्र किया कि यूनुस पुत्र शकूर जो पटाखा बनाने व भंडारण कार्य करने का लाइसेंस धारक है। उसके द्वारा अपने घर पर विस्फोटक व पटाखों का अवैध भंडारण किया गया था। जिसमें अचानक अज्ञात कारणों से विस्फोट हो गई। विस्फोट में पड़ोस के रामनरेश, रामचंद्र, रामशंकर, राममिलन, रवि, रामप्रताप, रामप्रसाद पुत्रगण बाबूलाल और ओमप्रकाश पुत्र हरिशचंद्र और ज्योति पत्नी मनोज आदि का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। चौकी इंचार्ज की तहरीर में इस बात का जिक्र है कि लाइसेन्सधारी मो यूनुस द्वारा उक्त विस्फोटक सामग्री अपने दुकान/निर्धारित स्थान पर न रखकर अवैध रूप से लाइसेन्स का दुरुपयोग कर अपने घर में लाकर रखा गया था।जिससे विस्फोट हुआ है। कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया की अभियुक्त के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### एसडीएम और सीओ ने पटाखा कारोबारियों की लगाई क्लास

**सलोन (रायबरेली), अमृत विचार।** साहबगंज बाजार स्थित रिहायसी इलाके में हुए पटाखा विस्फोट की गंभीर घटना के बाद तहसील प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। सोमवार को तहसील के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र के लाइसेंसी पटाखा व्यापारियों की क्लास लगाई है। बैठक में थानों के स्टॉप के साथ सर्किल के चौकी इंचार्ज मौजूद रहे। एसडीएम चन्द्र प्रकाश ने बैठक के दौरान व्यापारियों से सीधे संवाद कर उन्हें सुरक्षा और नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी है। इसी के साथ उन्होंने जिम्मेदारों के भी पेच कसे,कहा कि जिन फैक्ट्रियों को लाइसेंस दिया गया है, उस इलाके के इंस्पेक्टर व फायर सर्विस, चौकी इंचार्ज संयुक्त टीम बनाकर निरीक्षण करे। एसडीएम ने पटाखा कारोबारियों को चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि जो भी लाइसेंस धारी रिहायशी या आबादी वाले क्षेत्रों में पटाखों की बिक्री कर रहे हैं, उनके विरुद्ध विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई होगी। सीओ यादवेंद्र बहादुर ने कहा कि किसी भी व्यापारी को निर्धारित सीमा से अधिक पटाखों का भंडारण करने की अनुमति नहीं है, साथ ही अवैध या बिना लाइसेंस पटाखों की बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। पटाखा व्यापारियों को अपने लाइसेंस और स्टॉक का पूरा विवरण थाने में दर्ज कराना अनिवार्य होगा।

# निर्माण कार्यों को समय से कराएं पूर्ण: डीएम

## सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए कार्यदायी संस्थाओं पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं, निर्माणाधीन परियोनाओं एवं अन्य निर्माण कार्यो की माह जनवरी की प्रगति की समीक्षा की।

अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों का नवीनीकरण/मरम्मत के कार्य प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराये जायें। निर्माण कार्यो में समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण न करने वाली कार्यदायी संस्थाओं को चिह्नित कर पेनालटी लगाई जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु निर्माण सामग्री की समय-समय पर सैम्पलिंग कराकर जांच करवायी जाये। उन्होंने समय सीमा के उपरान्त लम्बित निर्माणों कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन चन्द्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा आदि लोग उपस्थित रहे।



सीएम डैशबोर्ड की बैठक में मौजूद डीएम हर्षिता माथुर व अन्य। अमृत विचार

### नियमों के उल्लंघन पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**जगतपुर।** सोमवार को डलमऊ रोड पर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान एआरटीओ ने बालू लदे दो ट्रकों पर कार्रवाई की है। एक ट्रक को सीज कर पुलिस के सुपुर्द किया गया। जबकि दूसरे पर चालान की कार्रवाई की गई। इससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। एआरटीओ उमेश कटियार ने टीम के साथ चेकिंग के दौरान डलमऊ रोड पर जा रहे दो ट्रकों को रोका। जांच में दोनों वाहन पर निर्धारित क्षमता से अधिक माल लदा पाया गया। खुलेआम कानून का उल्लंघन करने पर एक्शन में आए एआरटीओ ने एक ट्रक का चालान किया गया, जबकि दूसरे को सीज कर जगतपुर थाने में खड़ा करा दिया। इसके अलावां सीट बेल्ट, हेलमेट, रांग साइड, नो पार्किंग के लगभग 40 वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि यदि सड़कों पर नियमों का उल्लंघन करते पाया जाएगा तो संबंधित पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 1.67 करोड़ की लागत से बनी कान्हा गौशाला का हुआ लोकार्पण

**शिवगढ़ (रायबरेली), अमृत विचार।** नगर पंचायत शिवगढ़ के वार्ड नम्बर दो अजीत खेड़ा में एक करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित कान्हा गौशाला का सोमवार को भव्य लोकार्पण किया गया। शिवगढ़ ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह ने मंत्रोच्चारण के बीच शिलापट्ट का अनावरण कर फीता काटा तथा गौमाता की पूजा-अर्चना के साथ गौशाला का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप ने अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह, कुंवर रानी श्रद्धा सिंह, पशुचिकित्साधिकारी डॉ. इंद्रजीत वर्मा, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष जीबी सिंह और प्रधान संघ अध्यक्ष पवन सिंह आदि जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचकर गौशाला का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि कान्हा गौशाला के शुरू होने से नगर पंचायत के सभी 14 वार्डों के नगर वासियों को छुट्टा मवेशियों की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गोवंश संरक्षण है और यह गौशाला उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यहां गोवंश के लिए भूसा व दाना भण्डारण कक्ष, प्रशासनिक कक्ष तथा केयर टेकर कक्ष की समुचित व्यवस्था की गई है। नगर पंचायत द्वारा तीन बीघा भूमि चिन्हित कर एक करोड़ 67 लाख की लागत से गौशाला का निर्माण कराया गया है। जो नगर पंचायत वासियों के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही है। इस मौके पर रणविजय सिंह, शालू गुप्ता, सभासद अभिषेक अवस्थी, ममता वर्मा, उमेश कुमार, संतोष कुमार, राजबहादुर सिंह, अरविंद कुमार, अनिल कुमार, मुकेश कुमार, सुशील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



गौशाला का लोकार्पण करते ब्लॉक प्रमुख कुं.हनुमन्त प्रताप सिंह, मौजूद ईओ स्वर्ण सिंह व अन्य।

### विद्युत लाइन पर चढ़े अर्द्धविक्षिप्त ने छकाया

**बछरावां।** महराजगंज रोड पर कस्बे के पावर हाउस के पास दोपहर को एक अर्द्धविक्षिप्त विद्युत सप्लाई चालू होने के बावजूद पहले ट्रांसफार्मर पर चढ़ा और फिर इसके बाद खंभे पर चढ़ गया। इस दौरान आसपास के लोगों की सूचना पर बिजली की आपूर्ति बंद की गई। मौके पर पहुंचे विद्युत कर्मियों ने विद्युत क्रेन वाहन लगाकर किसी तरह से अर्द्धविक्षिप्त के नीचे उतारा। जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। इस दौरान लगभग एक घंटे तक बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। इसके बाद उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से वह भाग खड़ा हुआ और फिर एक लहसुन के लदे हुए ट्रक पर चढ़ गया। ट्रक ड्राइवर ने यह देखकर उसे ट्रक से उतारा था।



अर्द्धविक्षिप्त को उतारने का प्रयास करते विद्युत कर्मी।

### पूर्व विधायक पर अभद्र टिप्पणी पर मुकदमा दर्ज

**खीरों।** एक युवक को पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह के विरुद्ध सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करना और गाली देना भारी पड़ गया। पुलिस ने भाजपा के मंडल अध्यक्ष खीरों के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। भाजपा मंडल अध्यक्ष खीरों संतोष कुमार ने आरोप लगाया है कि जसमऊ गांव निवासी वीरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह के छोटे भाई राकेश प्रताप सिंह के विरुद्ध सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर अभद्र, अपमानजनक टिप्पणी और गाली देते हुए वीडियो बनाकर वायरल किया है। जिससे आम जनमानस में अत्यधिक आक्रोश व्याप्त है और सामाजिक सद्भाव खराब होने की आशंका है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि भाजपा मंडल अध्यक्ष खीरों के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच के उपरान्त आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### भारत की धमाकेदार जीत पर बांटी मिठाई

**लालगंज (रायबरेली)।** कोलंबो में हिंदुस्तान की टीम के द्वारा पाकिस्तान की क्रिकेट टीम पर दर्ज की गई धमाकेदार जीत के चलते लालगंज नगर में हर्ष का माहौल है। भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला के नेतृत्व में जहां लोगों के बीच मिठाई बांटी गई। वहीं राष्ट्रीय ध्वज लहराकर प्रसन्नता भी जताई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक देवेश अग्निहोत्री, कैलाश वाजपेई, मो. याकूब, अजय प्रताप सिंह, शीलू त्रिवेदी, कौशलेंद्र कंचन, रमेश मिश्रा, आयुष बाजपेई, तन्नू बाजपेई, आदित्य वर्मा, अनूप पांडे, दीप प्रकाश शुक्ला, जेपी सिंह, विवेक शर्मा, रोहित सोनी, शिवम गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।




जीत पर मिठाई बांटते भाजपा कार्यकर्ता।

### श्रमिक की बेटी ने खेलकूद में लहराया परचम

**खीरों (रायबरेली)।** "होनहार बिरवान के होत चीकने पात" यह कहावत उस समय चरितार्थ हुई जब खीरों क्षेत्र के एक उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्रा और एक श्रमिक की बेटी ने खेलकूद की लम्बी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित कर जिले का मान बढ़ाया है। लखनऊ के चौक स्टेडियम में 16-17 फरवरी को दो दिवसीय मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय मानपुर की छात्रा सीता राजपूत ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इससे विद्यालय के शिक्षकों सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के गांव गौतमनखेड़ा मजरे लच्छीपुर की निवासी सीता राजपूत के पिता रमेश कुमार राजपूत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। जबकि उसकी मां सुमन राजपूत एक साधारण गृहिणी हैं। सीता राजपूत का इकलौता बड़ा भाई सुभाष राजपूत जवाहर राजकीय इंटर कॉलेज सेमरी में कक्षा-9 का छात्र है। सीता राजपूत उच्च प्राथमिक विद्यालय मानपुर की कक्षा-8 की छात्रा है। मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में लम्बी कूद में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान अर्जित किया। सीता राजपूत को प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयनित कर लिया गया। प्रधानाध्यापक रमेश कुमार सिंह, शिक्षक गीता सिंह, सुशील कुमार, अनुज कुमार, अनुचर रेणुका यादव, बीईओ मुकेश कुमार, शिक्षक नेता, दुर्गेश बहादुर सिंह, संजय सिंह, नीरज हंस आदि ने खुशी जताई है।



सीता को सम्मानित करते अधिकारी।

# कांग्रेस नेताओं को किया हाउस अरेस्ट

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** मनरेगा बचाओ के तहत लखनऊ जाने से पहले ही क्षेत्र के कांग्रेस के दो पदाधिकारी को पुलिस ने सोमवार को हाउस अरेस्ट कर लिया है। इससे हड़कंप मच गया है।

क्षेत्र के कहींजर गांव निवासी खीरों कांग्रेस ब्लॉक के प्रभारी गिरीश बहादुर सिंह और हमीर गांव के रहने वाले कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नीरज शुक्ला को मनरेगा बचाओ के तहत विधानसभा घेरने के लिए मंगलवार की सुबह आठ बजे लखनऊ जाना था। इसकी भनक पुलिस को लग गई तो कोतवाल रमेश यादव मय फोर्स गांव पहुंचे और गिरीश सिंह को हाउस अरेस्ट कर लिया। यह जहां-जहां जाएंगे पुलिस साथ रहेगी। उधर, नीरज शुक्ला को भी पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। उनके दरवाजे पर फोर्स तैनात कर दी गई है। गिरीश सिंह का कहना है कि यह कांग्रेस पदाधिकारी के साथ प्रदेश सरकार की नाइंसाफी है। दूसरी ओर कोतवाल का कहना है दोनों पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट किया गया है।

**हड़कंप मचा**



हाउस अरेस्ट ब्लॉक प्रभारी गिरीश बहादुर सिंह के साथ कोतवाल रमेश यादव।

**घर पहुंची पुलिस से कांग्रेस नेता की हुई नोकझोंक, महराजगंज:** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और बछरावां के पूर्व प्रत्याशी सुशील पासी के आवास पर पुलिस का भारी जमावड़ा पहुंच गया। बिना किसी पूर्व सूचना के पुलिस की दस्तक से नाराज कांग्रेस नेता और कोतवाली प्रभारी के बीच जमकर नोकझोंक हुई।

सोमवार सुबह कांग्रेसी नेता सुशील पासी के घर अचानक पुलिस की दबिश से हंगामा खड़ा हो गया। सुबह कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव के साथ भारी पुलिस बल सुशील पासी के घर पहुंचा। सुशील पासी ने आरोप लगाया कि बिना वजह पुलिस को दरवाजे पर देख घर के बच्चे सहम गए। उन्होंने पुलिस की इस कार्रवाई को मानसिक उत्पीड़न व लोकतंत्र पर प्रहार बताते हुए पुलिस बल को आड़े हाथों ले लिया। उनका आरोप है कि भाजपा सरकार के दबाव में पुलिस उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है। विधानसभा घेराव और विरोध प्रदर्शन के शांतिपूर्ण कार्यक्रम में बाधा डालना तानाशाही का प्रतीक है। सुशील पासी ने कहा कि "रायबरेली में राहुल गांधी की आवाज को दबाने की साजिश रची जा रही है। मनरेगा में बदलाव कर सरकार मजदूरों का हक मार रही है।"

वहीं कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने कहा कि पुलिस केवल शासन के निर्देशों का पालन कर रही थी। विधानसभा स्तर पर होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिए कांग्रेस सचिव के आवास पर टीम भेजी गई थी। उन्होंने प्रताड़ित करने के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

# किसान का संदिग्ध हालात में मिला शव, हत्या का आरोप

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** किसान का शव संदिग्ध हालात में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पत्नी ने पूर्व प्रधान के पति पर जमीन का धोखे से बैनामा कराने और रुपये मांगने पर पति की हत्या करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के कंदरावा गांव का है। गांव की महिला बूधा देवी का आरोप है कि उनके पति रामदीन के नाम गांव में एक भूमि थी, जिसका पूर्व प्रधान के पति ने उसके पति को गवाही देने के लिए सन 2020 में तहसील ले गया और उसकी जमीन का अपने पक्ष में बैनामा करा किया। इसकी जानकारी काफी समय बाद महिला को हुई तो उसके पति ने बताया कि उसने गवाही दी है और पूर्व प्रधान पति ने कुछ कागज पर उससे अंगूठा लगवाया है। उसके बाद महिला पूर्व प्रधान के पास पहुंची तो उसने काफी आनाकानी के बाद स्वीकार किया कि उसने भूमि का बैनामा कराया है, जिसका पैसा वह धीरे-धीरे दे देगा। महिला का आरोप है कि इधर जब उसका पति पैसे के लिए पूर्व प्रधान पति पर दबाव बनाने लगा कि शिवरात्रि के दिन सुबह उसके पति को वह बुलाकर कही ले गया और शाम को उसकी हत्या करके शव उसके घर के दरवाजे पर फेंक दिया गया। जब वह अपने पति के पास पहुंची तो उसे मृत अवस्था में देखकर सन्न रह गई। उसने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर गांव पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले में तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### शिवगढ़ में भंडारे का आयोजन

**शिवगढ़।** बाबा जयगुरुदेव संगत शिवगढ़ द्वारा क्षेत्र के भवानीगढ़ चौराहे पर सत्संग एवं मासिक भंडारा सम्पन्न हुआ। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गौरतलब है कि बाबा जयगुरुदेव के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी संत उमाकांत जी महराज के निर्देश पर बाबा जयगुरुदेव संगत शिवगढ़ द्वारा प्रत्येक माह सत्संग, बाबा जयगुरुदेव नाम जप, सत्संग, विशाल भंडारे एवं जन जागरण अभियान का आयोजन किया जाता है। भवानीगढ़ चौराहे पर आयोजित सत्संग में मुख्य वक्ता उन्नाव के नेत्रपाल सिंह, लखनऊ के सदाशिव शुक्ला ने संत उमाकांत जी महराज का संदेश सुनाते हुए कहा कि यहां हर किसी के कर्मों का फैसला होता है। विपदा एवं संकट से बचने के लिए शाकाहारी, सदाचारी जीवन अपनाना होगा। विश्व को प्रलय से बचाने के लिए लोगों को मांस, मदिरा का त्याग करने के लिए प्रेरित करना होगा। राकेश सैनी ने सत्संग में आए लोगों को शाकाहारी बनने का संदेश दिया। इस मौके पर रामशरन यादव, जयशंकर प्रसाद विश्वकर्मा, हुबलाल, वीरेंद्र सिंह, अखिलेश साहू, जयश्री सैनी, वीरेंद्र कुमार, अजय विश्वकर्मा, रामपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



भंडारे का प्रसाद छकते श्रद्धालु।

### वरिष्ठ व्यवसायी दीपू गुप्ता ने ली सदस्यता

**लालगंज, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज का सदस्यता अभियान जारी है। वही होली मिलन समारोह को लेकर भी व्यापार मंडल ने विचार विमर्श किया। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने स्वयं लालगंज के वरिष्ठ व्यवसायी दीपू गुप्ता के आवास पर पहुंचकर उन्हें संगठन की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर व्यापार मंडल नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, कौशलेंद्रकंचन ने भी प्रसन्नता जताते हुए कहा कि दीपू गुप्ता नगर के वरिष्ठ व्यवसायी होने के साथ-साथ समाजसेवी भी हैं।

आयोजन

शिव भक्तों ने बारात का विधि विधान से पूजन-अर्चन कर स्वागत किया

# धूमधाम व उत्साह के साथ निकली भगवान शंकर की बारात

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर जब पूरे मतौली गांव में भोलेनाथ अपनी बारात लेकर निकले तो हर श्रद्धालु उत्साहित नजर आया। शिव पार्वती और उनके गणों की मोहक छवि देख कई निहाल तो कई श्रद्धालु भावुक हो गए। शिव बरात का यह खूबसूरत नजारा देख हर कोई भोले भंडारी का दीवाना हो गया।

राही ब्लॉक के पूरे मतौली मजरे भांव गांव में ओंकारेश्वर मंदिर से भगवान शंकर की बारात बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ निकाली गई। भोलेनाथ की बारात देखने के लिए भारी संख्या में बच्चे-बजुर्ग, महिलाएं और पुरुष उमड़ पड़े। फूलों से सजे आकर्षक रथ पर बाबा भोलेनाथ संग माता पार्वती की जोड़ी देखते ही बन रही थी। गले में नागराज, हाथ में त्रिशूल, माथे पर चांद, शरीर पर भस्म अद्भुत छटा बिखेर रहा था। साथ में हनुमानजी, गणेशजी और भूत पिशाच सब बाराती बनकर नाचते गाते चल रहे थे। बारात में हुए शंखनाद से पूरा गांव गूंज उठा। शिवबारात में सम्मिलित होकर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने भी अपनी सहभागिता निभाई और भोलेबाबा का आशीर्वाद लिया।

शिव बारात ओंकारेश्वर मंदिर से चलकर कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस शिव मंदिर पहुंची जहां पर शिव भक्तों ने बारात का विधि विधान से पूजन-अर्चन कर स्वागत किया। इस दौरान भदोखर थानाध्यक्ष राकेश चंद्र आनंद के नेतृत्व में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। मेला आयोजक संतदीन मिश्रा ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले लोगों का आभार प्रकट किया। ओंकारेश्वर मंदिर स्थल पर लगे मेले में लोगों ने पहुंच जमकर खरीदारी की। इस मौके पर ग्राम प्रधान मो. फजल, जगदीश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, रामकिशुन यादव आदि मौजूद रहे।




राही ब्लाक के पूरे मतौली में शिव बारात में सजी झांकी। अमृत विचार

### रामलीला व भंडारा आयोजित

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत दहिगवां स्थित प्राचीन कालीन गौरी शंकर महादेव मन्दिर दहिगवां में पूर्व प्रधान प्रतिनिधि एवं समाजसेवी पवन शुक्ला के नेतृत्व में एक दिवसीय मेला एवं रामलीला का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में सुकीर्ति बाजपेई द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावां अतिथियों को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर मन्दिर में सुबह से दोपहर बाद तक जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस मौके रामनरेश अवस्थी, प्रेम कुमार शुक्ला, सूर्य कुमार शुक्ला, रमाशंकर शुक्ला, बब्लू शुक्ला, विजय कान्त मिश्रा, दिलीप कुमार मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### भंडारे में प्रसाद लेने को उमड़ी भीड़

**जगतपुर (रायबरेली)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर रायबरेली रोड स्थित माता पार्वती एवं भगवान शिव शंकर मंदिर में सोमवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं बेलपत्र अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। यहां पर आयोजन समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा। इस अवसर पर मनीष श्रीवास्तव, सम्राट, मुन्ना, राजकरन, चेतन, अर्पित, आदित्य, मनोज, तांशू हृदयेश मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### आधुनिकेश्वर धाम में भंडारे का आयोजन

**लालगंज (रायबरेली) :** एमसीएफ के आधुनिकेश्वर धाम मे महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य मे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे जीएम एमसीएफ प्रशांत मिश्रा, पीसीइइ मनोज जिनदल, पीसीइ आर बी यादव, सचिव महाप्रबन्धक आर एन तिवारी सहित एमसीएफ के अन्य अधिकारीगण, बड़ी संख्या मे कर्मचारी परिवार व बच्चों समेत सम्मिलित हुए। महिला मंडली द्वारा भजन व मंगल गान किया गया ।ग्यारहवें वर्ष सनातन धर्म सभा द्वारा शिवरात्रि पर्व बहुत ही धूम धाम से मनाया गया ।इस अवसर पर सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष श्री प्रवीण तिवारी, सचिव राजन गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजीव रंजन, मनोज ओझा,के के श्रीवास्तव, अवधेश , शंकर विश्वकर्मा,मिथलेश, सुनील , मुन्ना जी,रितेश , प्रभु , राकेश ,राज प्रजापति, संजय,शरण मंडल आदि मौजूद रहे।

### बीआरसी में प्रशिक्षण का आयोजन

**छतोह (रायबरेली) :** सोमवार को छतोह बीआरसी में समावेशी शिक्षा संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। चतुर्थ दिवस में शिक्षकों के साथ सकारात्मक व्यवहार एवं समर्थन, यूडीअल आधारित पाठ योजना समेत आदि पर परिचर्चा की गई। इस अवसर पर विशेष शिक्षक महेश कुमार मोदनवाल, चंद्रप्रकाश, रमेश कुमार शुक्ला, फतेह बहादुर, सैयद नफीस हुसैन, इंद्रजीत, अजय कुमार सिंह, अजय, अनिल कुमार सिंह, रामकुमार, संध्या श्रीवास्तव, शीला यादव, कुसुम, मो. राहिल रहे।

### किसान कांग्रेस की हुई बैठक

**अमेठी :** भेटुआ ब्लॉक के धरईमाफी ग्रामसभा के भरिया गांव में किसान कांग्रेस की बैठक हुई। नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को किसानों के लिए नुकसानदेह बताया और सरकार पर किसान विरोधी नीतियों का आरोप लगाया। बैठक में कई पदाधिकारी मौजूद रहे और गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने का फैसला लिया गया।

### युवाओं का सम्मान समारोह आयोजित

**टीकरमाफी (अमेठी) :** टीकर माफी विकास खण्ड भादर गांव सभा बालीपुर डुहिया में रिटायर्ड फौजियों और नौकरी पाने वाले युवाओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। आयोजकों ने उन्हें सम्मानित किया। सेवानिवृत्त फौजी रमाकांत पांडेय, अनिल कुमार शुक्ला, अशोक कुमार शुक्ला, गोविंद नारायण पाण्डेय, सेवानिवृत्त शिक्षक राम चन्द्र कश्यप, सिपाही कृष्ण कुमार कश्यप वैभव पाण्डेय एमबीबीएस,शिवांशु तिवारी,बेसिक शिक्षा,शिभाशुं तिवारी, केन्द्रीय विद्यालय, विनोद पाण्डेय, उत्तर प्रदेश पुलिस, दीपक कश्यप को सम्मानित किया गया है ।

# पेयजल व जलनिकासी संकट ने बढ़ाई मुसीबत

## समस्याः करनाईपुर में बुनियादी सुविधाएं न होने से 70% ग्रामीण खानाबदोश जीवन जीने को मजबूर



जल निकासी न होने से गांव में फैली गंदगी। अमृत विचार



नदी से साइकिल से पानी ले जाते ग्रामीण। अमृत विचार

**विवेक सिंह, संग्रामपुर (अमेठी)**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के करनाईपुर सहित धोएं और मड़ौली गांवों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। गांव की सड़कों पर गंदा पानी भरा रहता है, जिससे आवागमन में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी गांव में न तो शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है और न ही घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी की कोई ठोस व्यवस्था है। गांव के लगभग 70 प्रतिशत लोग दूर-दराज के इलाकों से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं।

परेशान ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पहले जल निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए गांव में पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था, लेकिन वह कई वर्षों से बंद पड़ी है। इससे ग्रामीणों को उम्मीद थी कि उनकी समस्या दूर होगी, परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है। वहीं ग्रामीण स्नान, कपड़े धोने और बर्तन साफ करने के लिए पास बहने वाली मालती नदी पर निर्भर हैं। कोलवा-नोनरा-शिवपुर के बीच बने चेकडैम से लोगों को पशुओं के लिए पानी और दैनिक जरूरतों के लिए सहारा मिलता है, लेकिन गर्मियों में इसके सूखने का खतरा बना रहता है।

**गर्मियों के दिनों में में बढ़ जाता है संकटः** गर्मी के दिनों में पानी की समस्या विकराल रूप ले लेती है। ग्रामीणों को दूसरे गांवों से पानी लाना पड़ता है। महिलाओं को स्नान और घरेलू कार्यों में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पेयजल और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि गांव के लोग सम्मानजनक जीवन जी सकें।

### जायस रेलवे स्टेशन में फैली अव्यवस्था



रेलवे स्टेशन में लगी क्षतिग्रस्त टोटियां।



रेलवे स्टेशन पर सूखा पड़ा हैंडपंप।

**जायस (अमेठी) अमृत विचार।** अमेठी जनपद के लखनऊ वाराणसी रेल खण्ड के उत्तर रेलवे अन्तर्गत आने वाले रेलवे स्टेशन जायस ( गुरु गोरखनाथ) में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है एक बूंद पानी एवं प्रसाधन के लिए यात्रियों को दर दर भटकना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन पर दो प्लेटफॉर्म उपलब्ध है यहां एक दर्जन से अधिक यात्री ट्रेनों का ठहराव होता है। जिससे हजारों यात्रियों का आवागमन प्रतिदिन होता है। त्योहारों के समय यह संख्या और बढ़ जाती है। कहने को रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए लगी पानी की टोटिया में जल एवं इंडिया मार्क टू नल की पेयजल हेतु दोनों प्लेटफॉर्मो पर व्यवस्था की गयी लेकिन उसमें एक भी क्रियाशील नहीं है । अराजकतत्वों द्वारा टोटियां छति ग्रस्त कर दी गई है। जिससे प्यास लगने पर यात्रियों को मजबूरी में जेब ढ़ीली करनी पड़ती है ख़रीद कर बोतल बंद पानी पीना पड़ता है। गर्मी आते ही हालत और बदतर हो जाती है। कमो वेश यही हाल स्टेशन पर बने शौचालयों एवं मूत्रालयों का है जो गंदगी से पटे पड़े हैं जिसमें दैनिक क्रिया के लिये जाना क्या उस ओर देखना भी पसंद नहीं करते सबसे ज्यादा महिला यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिन्हें मजबूरी में खुले स्थान में झाड़ी आदि का सहारा लेना पड़ता है जिसे कि महिला सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता है। वहीं इस संबंध में स्टेशन मास्टर अजय कुमार ने बताया कि विभाग को सूचित कर दिया गया है। ऊपस से जैसा भी दिशा-निर्देश प्राप्त होगा उसके अनुसार निराकरण किया जाएगा।

# एसडीएम की दखल के बाद भी पीड़ित की नहीं सुन रहे 'मातहत अधिकारी'

लापरवाही

- **लेखपाल और एक अन्य अधिकारी पर हदबरारी और पैमाइश में हीलाहवाली का आरोप**

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** खीरों थाना क्षेत्र के सेमरी चौराहा मजरे सेमरी का कई महीनों से चला आ रहा एक विवाद थम नहीं रहा है। एसडीएम की चेतावनी के बाद भी मातहत अधिकारी प्रभावी ढंग से कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। विवाद बढ़ने से एक पक्ष आशंकित है। पीड़ित अंजनी कुमार दीक्षित ने शिकायत एसडीएम से की। एसडीएम ने मतहतों को हदबरारी और पैमाइश कराने का भरोसा दिया। आरोप है कि लेखपाल और एक अन्य अधिकारी की अनदेखी से रिजल्ट अब तक जीरो है। बताया जा रहा कि सुविधा शुल्क की मांग की जा रही, इस वजह से काम रुका हुआ है। जबकि आने वाले समय में यह विवाद कोई भयावह रूप ले सकता है।

पीड़ित अंजनी दीक्षित ने बताया कि लालगंज तहसील के सेमरी चौराहा स्थित लगभग पौने पांच बीघा जमीन की हदबरारी के लिए मुकदमा किया था, लेकिन अभी तक पैमाइश नहीं हो सकी। इसके पहले इसी जमीन में ग्राम सभा लच्छीपुर के अराजकतत्वों द्वारा जबरन निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिस पर काफी विवाद हुआ था। इसके बाद भी शासन प्रशासन के द्वारा इस विवादित जमीन की हदबरारी पैमाइश नहीं करवाई गई है। आरोप है कि अभी दो दिन पहले उपजिलाधिकारी लालगंज के द्वारा यहां पर कर्मचारी भेजकर जांच करवाई, जिसमें राम मोहन व राम सरन कानूनगो और सेमरी लेखपाल मनीष व एक अन्य लेखपाल जितेन्द्र ने मौके पर पहुंचकर कर बिना नक्शा और गुनिया के किसान की जमीन को नापकर उपजिलाधिकारी को गुमराह कर गलत रिपोर्ट दिया। इस पर पीड़ित अंजनी कुमार दीक्षित ने एसडीएम लालगंज से मिलकर घटनाक्रम से अवगत कराते हुए संबंधित कर्मचारियों पर गलत रिपोर्ट पेश करने की बात कही। एसडीएम ने दोबारा पैमाइश कराने की बात कही। पीड़ित के अनुसार जिम्मेदार अधिकारियों को इस विवादित मामले की सही से जांच करवाकर किसान की जमीन का रकबा निकलवा देना चाहिए, जो कि न्याय संगत हैं। पीड़ित के अनुसार उन्हें अपनी जमीन छोड़कर दूसरे की एक इंच जमीन भी नहीं चाहिए। बावजूद प्रशासन की अनदेखी से दोनों पक्ष अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं।

# जर्जर भवन में रहते हुए काम कर रहे विद्युत कर्मचारी




जर्जर हालत में विद्युत विभाग का भवन। अमृत विचार

**संवाददाता, अमेठी**

**अमृत विचार।** अमेठी कस्बे के विद्युत उपकेंद्र परिसर में बने जर्जर भवन में कर्मचारी जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर हैं। भवन की हालत ऐसी है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार अफसरों की नजर अब तक इस ओर नहीं पड़ी। उपकेंद्र परिसर में स्थित पुराने कमरे में ही विद्युत वितरण निगम का कामकाज चल रहा है। यहीं कर्मचारी बैठकर मीटर से जुड़े काम निपटाते हैं। कमरे की छत कई जगह से फट चुकी है और दीवारों का प्लास्टर झड़ रहा है। बरसात के दिनों में कमरे में पानी भर जाता है, जिससे काम करना और मुश्किल हो जाता है। यहां काम कर रहे मीटर रीडर ने बताया कि कमरे में हर समय सीलन रहती है। फर्श भी कई जगह से उखड़ा हुआ है, जिससे बैठकर काम करने में दिक्कत होती है कर्मचारी लगातार डर के माहौल में काम कर रहे हैं। इस मामले में एसडीओ ने बताया कि जर्जर भवन में कार्यालय नहीं चलना चाहिए और इस पर विचार किया जाएगा।

# रंगदारी मांगने वाले दो शातिर गिरफ्तार

कार्रवाई

- **पुलिस ने 4.5 लाख नकद, तमंचा और कार की बरामद**

**मुसाफिरखाना (अमेठी)**



रंगदारी का खुलासा करते एसपी एवं पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस ने अपहरण कर रंगदारी वसूलने की घटना का खुलासा करते हुए दो अंतरजनपदीय शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 4 लाख 50 हजार रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन, आधार-पैन कार्ड, घटना में प्रयुक्त कार, एक तमंचा और एक कारतूस .315 बोर बरामद किया है।

विगत 13 फरवरी को पीड़ित रमन कुमार अग्रहरि निवासी ग्राम विसारा पूरव थाना मुसाफिरखाना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे बेटे को धरौली स्कूल छोड़कर लौटते समय शुक्ला पेट्रोल पंप के पास चार अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने जबरन उन्हें सफेद कार में बैठाकर जान से मारने की धमकी दी और 8 लाख रुपये लेकर छोड़ दिया। इस मामले में दो दिन बाद थाना मुसाफिरखाना पर मुकदमा दर्ज किया गया।

सोमवार को पुलिस के चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की स्विफ्ट डिजायर कार से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अनुज प्रताप सिंह उर्फ मुरारी सिंह और घनश्याम पाण्डेय के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान 4,50,000 रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन दो पीड़ित के और एक आरोपी का, फर्जी नंबर प्लेट, आधार-पैन कार्ड, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। इनमें महेश सिंह, सौरभ पाण्डेय, राजकुमार यादव, इस्लाम और शुभम यादव शामिल हैं। गिरोह वारदात के समय कार में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घटना को अंजाम देता था। पुलिस के अनुसार गिरोह ने 28 जनवरी 2026 को अयोध्या में भी इसी तरह की घटना को अंजाम दिया था, जिसमें दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। इस मामले में 85 हजार रुपये खाते में सीज किए गए और कुल 50 हजार रुपये बरामद किए जा चुके हैं।

वहीं इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को 15 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

### नैनो उर्वरकों पर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**अमेठी।** नैनो उर्वरकों पर एकदिवसीय प्रशिक्षण हुआ। उप निदेशक कृषि सतेंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश यादव, अपर कृषि अधिकारी अंकुर सिंह और इफको के ग्रुप प्रमुख अक्षय कुमार पांडेय मौजूद रहे। क्षेत्र अधिकारी अरविंद प्रताप ने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग की जानकारी दी।

### कांग्रेस नेताओं को प्रशासन ने किया हॉउस अरेस्ट

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** सोमवार को मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर विधानसभा घेराव की तैयारी कर रहे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं को प्रशासन ने पहले ही हॉउस अरेस्ट कर लिया। सोमवार सुबह पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर प्रमुख नेताओं को उनके आवासों पर ही रोक दिया, ताकि वे प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल न हो सकें। सोमवार को कांग्रेस नेता अंगुरी निवासी राकेश मिश्रा व सेमरौता कस्बे के कमलेश अग्निहोत्री को उनके प्रतिष्ठान पर व कर्ण बाजपेई को उनके घरों में नजर बंद कर दिया। कांग्रेस नेता कमलेश अग्निहोत्री का आरोप है कि मनरेगा में बजट कटौती, भुगतान में देरी और काम की कमी से ग्रामीण मजदूरों की स्थिति खराब हो रही है। इसी के विरोध में विधानसभा घेराव की घोषणा की गई थी ।व हीं युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम् सिंह को पुलिस ने उनके अमेठी आवास पर ही नजरबंद कर दिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह सरकार द्वारा जनता की आवाज को दबाने का प्रयास है, लेकिन वे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शुभम सिंह के घर के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, जिससे वह लखनऊ नहीं पहुंच पाएंगे जहां पार्टी का विधानसभा घेराव होना है। इस कार्रवाई को लेकर युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम् सिंह ने कहा कि योगी सरकार जनता की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवक कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।



हॉउस अरेस्ट कांग्रेस नेता कमलेश अग्निहोत्री व मौजूद पुलिस अधिकारी।

### अयोध्या धाम के लिए कल निकलेगी पदयात्रा

**तिलोई (अमेठी) अमृत विचार।** तिलोई विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रमई में स्थित गम्भीरदास मिनी स्टेडियम के प्रांगण से प्रधान प्रतिनिधि बीर बहादुर ( बब्लू सिंह) की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीणों का जत्था अयोध्या धाम तक पद यात्रा कर श्रीराम जन्मभूमि एवं हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन करेंगे। ग्राम पंचायत रमई के प्रधान प्रतिनिधि वीर बहादुर ( बब्लू सिंह) ने बताया कि बाबा गम्भीरदास मिनी स्टेडियम से आगामी 18 फरवरी को विशाल पदयात्रा अयोध्या धाम तक गाजे बाजे के साथ निकाली जायेगी। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लगभग पंन्चानवे किलो मीटर की पदयात्रा कर श्रीराम जन्मभूमि एवं हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। वहीं प्रधान प्रतिनिध की इस पग यात्रा से क्षेत्र भारी हर्षोल्लास का माहौल वही 28 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### एआईएमआईएम की समीक्षा बैठक संपन्न

**कमरौली (अमेठी)।** औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर के रोड नंबर 2 स्थित एक निजी हाल में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। प्रदेश अध्यक्ष सेन्टर यूपी शेख ताहिर सिद्दीकी के प्रथम अमेठी आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में संगठन को जिले में मजबूत करने और आगामी 2027 चुनाव की तैयारियों पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में बूथ स्तर तक कमेटियों के गठन, सदस्यता अभियान को तेज करने तथा युवाओं को पार्टी से जोड़ने की रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर शेख ताहिर सिद्दीकी, कदीर ख़ान जिला अध्यक्ष, लईक पठान जिला सचिव, हाजी दाऊद प्रभारी अमेठी, मतीन ख़ान प्रभारी रायबरेली, इफ्तिखार ख़ान जिला महासचिव, तराबुल हक जिलाध्यक्ष युवा विंग, फिरोज खान संगठन, आफताब खान सचिव, वैस ख़ान ब्लॉक अध्यक्ष सिंहपुर और हाफिज शादाब जिला सचिव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### यूजीसी परीक्षा पास होने पर किया सम्मानित

**अमेठी, अमृत विचार।** अदिति यादव और खुशनूर फात्मा के यूजीसी नेट-जेआरएफ पास करने पर अंतू रोड की हरे कृष्णा लाइब्रेरी में सम्मान समारोह हुआ। सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने दोनों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। दोनों ने सफलता का संदेश देते हुए आगे की पढ़ाई का संकल्प जताया। कार्यक्रम में कई लोग मौजूद रहे।

### शिव मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**लालगंज (रायबरेली)।** महाशिवरात्रि पर्व पर लटियारे बीर बाबा मंदिर जगतपुर भिचकौरा में मेला एवं शिव विवाह, राधा कृष्ण नृत्य, शिव तांडव जैसे धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएचसी लालगंज अधीक्षक डॉ. अमल पटेल रहे। उन्होंने बताया कि मंदिर में ऐसे कार्यक्रम होना बहुत ही अच्छा है। कमेटी में वरिष्ठ समाजसेवी संजय द्विवेदी, बृजदेव सिंह, अभिषेक प्रधान, अमन द्विवेदी, भोला यादव, नरेश यादव, सोनू तिवारी, शिवम् द्विवेदी के द्वारा कार्यक्रम को यादगार बनाया गया।

### समाजसेवी ने शिव मंदिरों में की पूजा-अर्चना

**रायबरेली, अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के अवसर पर समाजसेवी पूनम सिंह ने लालगंज के बालेश्वर बाबा मंदिर में जलाभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासी विमल गुप्ता द्वारा आयोजित भंडारे में सहभागिता की। इसके अलावां उन्होंने अन्य शिव मंदिरों में भी पूजा अर्चना की। समाजसेवी पूनम सिंह ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हमें संयम और सेवा की सीख देता है। भगवान भोलेनाथ से यही प्रार्थना है कि वे समस्त जनपदवासियों और जनमानस की मनोकामनाएं पूर्ण करें तथा सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो।

# डीआईओएस की लचर कार्यशैली से शिक्षक परेशान

- **बोर्ड परीक्षा 2025 में कक्ष निरीक्षक तो किसी का कापी मूल्यांकन का नहीं मिला भुगतान**

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार की प्राथमिकता में है। यही वजह है कि परीक्षा में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों का मेहनताना समय से मिल जाए इसके लिए भारी भरकम बजट भी जारी कर दिया जाता है। इसके बावजूद शिक्षकों को उनके मेहनत का हक नहीं मिल पा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के चक्कर काट रहे शिक्षक अब परेशान हो गए हैं। वहीं विभागीय बाबूओं की कार्यशैली से शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल-इंटर 2026 परीक्षा को लेकर सरकार ने कमर कस ली है। जिले में बोर्ड परीक्षा कराने के लिए शिक्षकों को ड्यूटी भी लगाई जा रही है। इस संबंध में सभी विद्यालयों में ड्यूटी पत्र के साथ ही उन्हें रिलीव भी किया जाने लगा है। इन सबके बीच शिक्षकों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि पिछले वर्ष कक्ष निरीक्षक और उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का अभी तक भुगतान नहीं मिला है। शिक्षकों का कहना है कि हम लोग बोर्ड परीक्षा पेपर में ड्यूटी करते हैं, लेकिन जो मेहनताना मिलता है वह मनरेगा मजदूर के का चौथाई हिस्सा भी नहीं होता है। लेकिन उक्त धनराशि के भुगतान को भी परेशान किया जा रहा है। यही नहीं कुछ शिक्षकों का कहना है कि बोर्ड परीक्षा की कापियों के मूल्यांकन का अभी तक भुगतान नहीं मिला है। हम लोग जब जिले के ऑफिस जाते हैं तो वहां स्थानीय बाबू कहते हैं कि धन तो है लेकिन अभी डीआईओएस साहब के सिग्नेचर नहीं हुए हैं। हस्ताक्षर होते ही भुगतान हो जाएगा। नाम न प्रकाशित करने की बात कहते हुए शिक्षकों ने बताया कि बाबू साहब का यह जवाब लगभग छह महीने से चल रहा है, जब जाओ तब यही कहते हैं। अब देखना है कि शिक्षकों को उनका भुगतान मिलता है या नहीं या जिम्मेदार धीरे-धीरे दीमक की तरह उनकी छोटी सी धनराशि को चट कर देंगे और शिक्षकों को इसी तरह गुमराह करते रहेंगे।

**सरकार के आदेश को ठेंगा दिखा रहे डीआईओएसः** प्रदेश सरकार की ओर से सभी अधिकारियों को सीयूजी नंबर को उठाने का निर्देश दिया गया है। वहीं जिले के अफसर इसको लेकर कतई गंभीर नहीं है। पूर्व में जिले के प्रभारी मंत्री के सामने भी इसकी पोल खुल चुकी है। उनके द्वारा निर्देशित किए जाने के बावजूद अधिकारी मनमाना रवैया अपनाए हुए हैं। शिक्षकों के भुगतान के संदर्भ में जब डीआईओएस के सीयूजी नंबर पर फोन मिलाया गया तो उनके द्वारा भी नहीं उठाया गया। इससे साफ पता चल रहा कि शिक्षा विभाग के आला अफसर सरकार के आदेश के प्रति कितने जिम्मेदार हैं।

# शिक्षकों के नियमित विद्यालय न आने से अभिभावकों में रोष

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** नगर पंचायत के अजीतखेड़ा वार्ड 2 स्थित प्राथमिक विद्यालय अजीत खेड़ा की शिक्षा व्यवस्था पर वार्डवासियों ने सवाल उठाते हुए शिक्षकों के नियमित विद्यालय ना आने का आरोप लगाया है। सोमवार को विद्यालय में कुल 38 छात्रों में से 27 छात्र मौजूद थे। लेकिन विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार व सहायक अध्यापिका पूनम सिंह मौके पर उपस्थित नहीं थी। सहायक अध्यापक रीना कपूर ने बताया कि यह दोनों लोग अवकाश पर हैं। जबकि वार्ड निवासी शिव यादव, वीरेंद्र, राजकुमार, शम्भू सहित दर्जनों लोगों का कहना है कि इस विद्यालय का रवैया बहुत ही खराब है। विद्यालय में पढ़ाने के लिए तो तीन शिक्षक हैं लेकिन तीनों शिक्षक नियमित विद्यालय नहीं आते हैं। बारी-बारी से शिक्षक विद्यालय आते हैं किसी दिन ये शिक्षक तो किसी दिन वो शिक्षक विद्यालय आते हैं। वहीं खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच कराई जाएगी और नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

आयोजन

**मीना मंच सुगमकर्ताओं की उन्मुखीकरण कार्यशाला का बीआरसी सतांव, डीह एवं राही मे हुआ समापन**

# बच्चों को सजग व जागरूक बनाने के बारे में दी विधिवत जानकारी

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** बालिकाओं को सशक्त, मुखर, निडर एवं उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद के सभी यूपीएस, कंपोजिट और केजीबीवी में मीना मंच कार्यक्रम का प्रत्येक शनिवार दोपहर बाद संचालन किया जाता है। मंच के संचालन हेतु एक सक्रिय शिक्षिका को विद्यालय स्तर पर सुगमकर्ता तथा तीन बालिकाओं को पावर एंजेल नामित किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश पर जनपद के सभी विकासखंड में दो दिवसीय मीना मंच सुगमकर्ताओ का उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जा रही है।



उन्मुखीकरण कार्यशाला में मौजूद लोग। अमृत विचार

विकासखंड डीह मे बीईओ तरुण कुमार, राही में बीईओ बृजलाल और सतांव मे बीईओ शीतल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समापन और अमावां में बीईओ ऋचा सिंह की देखरेख में शुभारंभ किया गया। जनपद नोडल मीना मंच एसएस पांडेय ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा मीना मंच के सफल संचालन हेतु समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये जा रहे हैं। मीना मंच कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त एवं मुखर उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने तथा मुसीबतों का सामना करने और आगे बढ़ाने के लिए सजग एवं जागरूक बनाया जाता है।

बीआरसी सतांव और राही मे पहुंचकर उन्होंने मीना मंच गठन ,पावर एंजेल चयन, प्रत्येक शनिवार वार्षिक कैलेंडर अनुसार सत्र संचालन, हेल्पलाइन नंबर, मीना मंच कक्ष की साज सज्जा, प्रगति के पंख एवं अरमान मॉड्यूल तथा कॉमिक्स बुक आधारित बच्चों को सजग एवं जागरूक बनाने के बारे में विधिवत जानकारी दी गई। प्रशिक्षक के रूप में सविता सिंह, सुनीति सिंह, सीमा सिंह, वंदना श्रीवास्तव, राजलक्ष्मी वर्मा, संगीता मिश्रा, मीता श्रीवास्तव, ब्लॉक नोडल रेनू शुक्ला, तपस्या पुरवार, संगीता सिंह आदि मौजूद रहे।

### नई शिक्षा नीति में आंगनबाड़ी की होगी महत्वपूर्ण भागीदारी

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र अमावां में परिषदीय विद्यालयों के सामान्य शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों के शिक्षक प्रशिक्षण को सुग्राही बनाने के लिए एनईपी 2020 पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह की देखरेख में प्रशिक्षण विशेष शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव और मीना वर्मा ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रशिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ध्यान लगाने का भी प्रशिक्षण दिया। साथ ही बताया आंगनबाड़ी विश्व की सबसे बड़ी सार्वजनिक सरकारी व्यवस्था हैं देश भर में लगभग 14 लाख आंगनबाड़ी केंद्र है, जिनमें लगभग 8 करोड़ से भी अधिक बच्चे शिक्षण-पोषण प्राप्त करते हैं। मीना वर्मा शीघ्र पहचान व निदान पर चर्चा की। खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने विशेष शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से भी दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदनशील रहने के लिए प्रेरित किया। एआरपी हरीशचंद्र पाण्डेय विशेष शिक्षकों के द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग देने के लिए कार्यकत्रियों को प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में दृष्टिबाधित बालक शबाब अली ने सुंदर भजन प्रस्तुत करके सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। इस अवसर पर संतोष सिंह, रेखा सिंह, कुसुम आदि मौजूद रहे।

